दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak
वर्ष: 3 | अंक: 117 जयपुर, रविवार, 07 अप्रैल, 2024 | चैत्र, कृष्ण पक्ष- चतुर्दशी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

**पुष्कर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरजे: कांग्रेस परिवारवादी यानी करेला और भ्रष्टाचारी यानी नीम चढ़ा, बोले...**

# 'कांग्रेस के मेनिफेस्टो में मुस्लिम लीग की छाप'

## ■ पीएम ने कहा-19 व 26 को कमल का बटन दबा कर दें कांग्रेस को सजा

## ■ संबोधन की शुरुआत पुष्कर राज और सावित्री माता के जयकारे से की



**बेधड़क | पुष्कर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस जहां रहती है, वहां विकास नहीं हो सकता। कांग्रेस ने न तो कभी गरीब की परवाह की और ना ही कभी वंचितों-शोषितों और युवाओं के बारे में सोचा। कांग्रेस के लिए यही कहा जा सकता है, एक तो करेला, दूसरा नीम चढ़ा... एक तो परिवारवादी पार्टी और दूसरा उतनी ही भ्रष्टाचारी पार्टी। पीएम मोदी ने शनिवार को पुष्कर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस द्वारा जारी घोषणा पत्र झूठ का पुलिंदा है। इस मेनिफेस्टो में मुस्लिम लीग की छाप है। उन्होंने कहा, "मुस्लिम लीग के उस समय के विचारों को कांग्रेस भारत पर आज थोपना चाहती है। मुस्लिम लीग की छाप वाले इस घोषणा पत्र में जो बचा-खुचा हिस्सा था, उस पर वामपंथी हावी हो गए हैं। आज कांग्रेस के पास न सिद्धांत बचे हैं और ना ही नीतियां बची हैं। ऐसा लग रहा है, कांग्रेस सब कुछ ठेके पर दे चुकी है, पूरी कांग्रेस पार्टी को आउट सोर्स कर चुकी है।" पीएम मोदी की यह रैली अजमेर संभाग की चारों लोकसभा सीटों अजमेर, भीलवाड़ा, टोंक और नागौर को कवर करने के लिहाज से पुष्कर में आयोजित की गई। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत पुष्कर राज और सावित्री माता के जयकारे से की।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी नारी शक्ति के लिए काम नहीं की. आजादी के बाद पीढ़ी दर पीढ़ी बेटियों की बदतरी का जिम्मेदार कौन है? ऐसी कांग्रेस को सजा मिलनी चाहिए की नहीं चाहिए? 19 और 26 अप्रैल को कमल का बटन दबा कर कांग्रेस को सजा देने का समय आ गया है। पीएम मोदी ने कहा कि अभी तक हमने जो कुछ किया है वह तो ट्रेलर है। देश को बहुत आगे ले जाना है। हमें 2047 तक भारत को विकसित और आत्मनिर्भर देश भी बनाना है।

-पेज 04 देखें

### मैं भी कभी गर्मी में कुर्सियां लगाता था

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मोदी एक सामान्य परिवार से उठ कर यहां तक आया है। मोदी भी आपकी तरह गर्मी में झंडा लगाया करता था, कुर्सियां लगाया करता था। देश के बड़े-बड़े नामदार इस कामदार को गाली देते हैं। देश के आम लोगों को लूटने का यह लोग अपना खानदानी काम समझते हैं।

### बीच में 100 में से 15 पैसा मारने वाला पंजा कौन सा था!

मोदी ने परिवारवादी भ्रष्टाचारियों के दुकान के शटर गिरा दिए हैं। 10 साल में हमने 30 लाख करोड़ रुपए से भी ज्यादा गरीबों के खाते में सीधे भेजे हैं। जब कांग्रेस की सरकार थी, तब जो भी पैसा सरकार द्वारा भेजा जाता था। वो बीच में ली लूट जाता था। कांग्रेस के एक प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली से एक रुपया भेजते हैं तो गरीबों तक 15 पैसा ही पहुंचता है। तो वो कौन सा पंजा है जो बीच में से रुपया मार लेता है।

### अब प्रदेश में हो रहा विकास

पीएम मोदी ने विकास की बात पर कहा कि वंदे भारत ट्रेन की रफ्तार से विदेशी भी हैरान हैं। अब राजस्थान में एक से बढ़कर एक एक्सप्रेसवे, कॉरिडोर बन रहे हैं। कांग्रेस जहां रहती है वहां विकास हो भी नहीं सकता। पहले राजस्थान की चर्चा नकारात्मक विषय में होने लगी थी, जब से भाजपा आई है पेपर लीक माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई हो रही है।

### घर-घर मोदी का प्रणाम पहुंचाना

अपने संबोधन के अंत में पीएम मोदी ने जनसभा में मौजूद लोगों से पूछा कि मेरा एक काम करोगे। लोगों के हां कहने पर पीएम मोदी ने कहा कि आप घर-घर जाकर सबको कहना मोदी ने प्रणाम भेजा है।

### उम्मीदवारों के लिए मांगे वोट

राम मंदिर पर पीएम मोदी ने कहा कि राम मन्दिर बना शुभ है या नहीं आप बताओ। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आने वाले नेताओं को पार्टी से निकाल दिया। इस राम नवमी पर अयोध्या को भव्य रूप से सजाया जाएगा। अजमेर में भागीरथ चौधरी को एक बार फिर उम्मीदवार बनाया है, नागौर में मेरी छोटी बहन ज्योति मिर्धा को भाजपा ने उम्मीदवार बनाया है। दोनों के लिए वोट मोदी के वोट समझना।

### कांग्रेस ने बनाए 10 करोड़ फर्जी लाभार्थी

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने 10 करोड़ से ज्यादा ऐसे फर्जी लाभार्थी बना रखे थे, जो पैदा ही नहीं हुए। इन फर्जी लाभार्थियों के नाम पर आपके हक का पैसा सीधे जा रहा था। मैंने जांच एजेंसियों को खुली छूट दी है। कांग्रेस के एक सांसद के यहां से 300 करोड़ से ज्यादा नकद मिला है। आप कल्पना कर सकते हैं 300 करोड़ नकद। इसे गिनते-गिनते मशीन थक रही थी। कांग्रेस का घमंडिया गठबंधन मोदी से परेशान है, इसलिए मोदी को गाली देता है, लेकिन कांग्रेस के लोग समझ ले, आप जितना कीचड़ उछालोगे उतना ही कमल खिलेगा।

### महिलाओं की तादाद देख दिया धन्यवाद

सभा में पहुंची महिलाओं के आने पर मोदी ने महिलाओं को धन्यवाद दिया। इसके बाद पीएम मोदी ने 4 जून 400 पार के नारे लगवाए। इसके बाद पीएम मोदी ने पिछली सरकारों पर तंज करते हुए कहा कि हमारे देश में जोड़-तोड़ वाली सरकार चल रही थी। कांग्रेस के समय में गांव, गरीब, किसान, मजदूर, युवा इनका जीना मुश्किल कर दिया था। देश में जागरूक लोगों ने पूर्ण बहुमत वाली सरकार दी।

**जरूरी खबर**

### अभिषेक मनु सिंघवी ने हाई कोर्ट में लगाई याचिका

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा चुनाव हारने के कुछ सप्ताह बाद कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने शनिवार को उच्च न्यायालय में एक आवेदन दायर किया, जिसमें चुनाव में बराबर मत मिलने के बाद 'ड्रॉ' संबंधी नियमों की चुनाव अधिकारी द्वारा की गई व्याख्या को चुनौती दी गई है। भाजपा के उम्मीदवार हर्ष महाजन ने 27 फरवरी को हुए चुनाव में 'ड्रॉ' के माध्यम से घोषित नतीजे में जीत हासिल की थी, क्योंकि दोनों उम्मीदवारों को 34-34 मत मिले थे।

### चुनाव से पहले सीपीआईएम के खाते फ्रीज

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के बीच भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के खाते फ्रीज कर दिए गए हैं। पार्टी महासचिव सीताराम येचुरी ने आरोप लगाया कि उनकी पार्टी का बैंक खाता आयकर विभाग द्वारा फ्रीज कर दिया गया है। येचुरी ने आगे कहा कि बैंक ऑफ इंडिया ने हमें सूचित किया कि जब तक हम अनुमति नहीं देते, तब तक सीपीआई (एम) खाते में लेनदेन की अनुमति दी जाएगी। यह इंगित करता है कि यह एक राजनीति से प्रेरित हमला है।

**प्रदेश में अब स्कूली परीक्षाओं के पेपर भी चोरी**

## 9वीं और 11वीं की परीक्षा करनी पड़ी रद्द

**बेधड़क | जयपुर**

सरकारी भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक और नकल के मामलों में पूरे देश में बदनाम हो रहे राजस्थान में अब नई कहानी सामने आई है। अब प्रदेश में स्कूल की मामूली परीक्षाओं के पेपर भी लीक होने लग गए।

ऐसा मामला राजस्थान के सिरोही जिले से सामने आया है। परीक्षा से ठीक एक दिन पहले पेपर लीक होने के कारण परीक्षा रद्द करनी पड गई और उसके बाद अब परीक्षा की नई तारीखें जारी की जा रही हैं। स्कूल परीक्षाओं में इस तरह से पेपर लीक या चोरी होने का यह पहला ही मामला है। इस मामले में प्रिंसिपल समेत तीन सरकारी कार्मिक सस्पैंड कर दिए गए हैं और केस अलग से दर्ज कराया जा रहा है।

### छह अप्रैल से शुरू होनी थी परीक्षा

राजस्थान में होने वाली जिला समान परीक्षा छह अप्रैल को आयोजित होनी थी। यह परीक्षा पूरे राज्य में एक साथ आयोजित की जाती है। छह अप्रैल को होने वाले विषय का पेपर सिरोही जिले के सरतरा गांव में सरकारी स्कूल में प्रिंसिपल की अलमारी से चोरी हो गए। सवेरे स्टाफ पहुंचा तो पेपर चोरी का पता चला। इसकी सूचना तुरंत शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भेजी गई। इस पर तत्काल फैसला लिया गया कि परीक्षा रद्द कर दी जाए। उसके बाद परीक्षा रद्द कर दी गई। यह पेपर नवीं और ग्यारहवीं कक्षा के थे।

### इन कर्मचारियों को किया सस्पेंड

इस मामले में शिक्षा निदेशालय ने स्कूल के प्रिंसिपल, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी और एक नाइट स्टाफ को सस्पेंड कर दिया है। अब परीक्षाओं का टाइम टेबल 12 अप्रैल को जारी किया जाएगा। उससे पहले पूरे प्रदेश में चैकिंग शुरू कर दी गई है। समान पात्रता परीक्षा में नवीं और ग्यारवीं कक्षा की परीक्षाएं होती हैं।

**इन्वेस्टिगेशन: फर्जी पासपोर्ट मामले में जुटी एनआईए टीम**

## रोहित गोदारा के परिवार और रिश्तेदारों से की पूछताछ

**बेधड़क | बीकानेर**

गैंगस्टर रोहित गोदारा के फर्जी नाम से पासपोर्ट बनाकर विदेश जाने के मामले में एनआईए की टीम ने शनिवार को जिले के लूणकरणसर स्थित गोदारा के घर पर परिवार और रिश्तेदारों से पूछताछ की। दरअसल कई आपराधिक मामलों में वांछित गोदारा के घर एक महीने पहले भी एनआईए की टीम आई थी। एक महीने में अब दूसरी बार टीम उसके घर पहुंची है। हालांकि इस पूरी कार्रवाई में स्थानीय पुलिस की कोई भूमिका नहीं है। पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने बताया कि टीम आई है। जांच के बारे में ज्यादा पता नहीं है। फर्जी पासपोर्ट से रोहित फरार हुआ था।



### रडार पर है गोदारा

गैंगस्टर रोहित गोदारा के खिलाफ प्रदेश के कई जिलों में अलग-अलग थानों में हत्या, लूट, फिरौती और अन्य मामले दर्ज हैं। इसके बाद एनआईए की रडार पर रोहित गोदारा है। इसी को लेकर उसके फर्जी नाम से पासपोर्ट बनाए जाने की बात सामने आने पर एनआईए जांच में जुटी है। बीकानेर पुलिस ने भी इस मामले में उसके खिलाफ मामला दर्ज किया है।

**कांग्रेस का भाजपा और पीएम पर बड़ा हमला...**

## देश में लोकतंत्र की मर्यादा का हो रहा चीरहरण: सोनिया गांधी

- जनसभा को खरगे और प्रियंका गांधी ने भी किया संबोधित
- **प्रियंका ने केजरीवाल और हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी का किया जिक्र**
- खरगे ने कहा- हमारी सरकार बनी तो सभी 25 गारंटी होगी पूरी

**बेधड़क | जयपुर**

कांग्रेस की राष्ट्रीय नेता और राज्यसभा सांसद और सोनिया गांधी ने शनिवार को जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में कांग्रेस की रैली को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार, भाजपा और पीएम मोदी पर जबरदस्त हमला बोला।

उन्होंने कहा कि मोदी खुद को महान मान लोकतंत्र की मर्यादा का चीरहरण कर रहे हैं। विपक्षी नेताओं को डराने-धमकाने और पार्टी में शामिल कराने के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। देश का लोकतंत्र खतरे में है। उन्होंने कहा कि हमारा देश पिछले 10 वर्ष से ऐसी सरकार के हवाले है, जिसने बेरोजगारी, महंगाई, आर्थिक संकट, असमानता और अत्याचार को बढ़ावा देने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।




### देश से बड़ा कोई नहीं

सोनिया गांधी ने कहा कि किसी के भी देश से ऊपर हो जाने की बात सपने में भी सोची नहीं जा सकती। क्या कोई देश से बड़ा हो सकता है? जो ऐसा सोचता है उसे देश की जनता सबक सिखा देती है। उन्होंने आगे कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं को राजनीतिक सत्ता के हथियार से बर्बाद किया जा रहा है। हमारे संविधान को बदलने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। यह सब तानाशाही है। हम सब इसका जवाब देंगे।

### तानाशाही का देंगे मुंहतोड़ जवाब

सोनिया ने कहा कि आज हमारे देश का लोकतंत्र खतरे में है। लोकतांत्रिक संस्थाओं को नष्ट किया जा रहा है। उन्होंने कहा, यह तानाशाही है और हम सभी इसका जवाब देंगे।

### बीजेपी के शासन में विपक्ष पर हमला: प्रियंका

इससे पूर्व पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी का जिक्र करते हुए दावा किया कि केंद्र में बीजेपी शासन के तहत विपक्ष पर हमला हो रहा है। उन्होंने कहा, बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है और हर राज्य में पेपर लीक हो रहे हैं। गरीबों और किसानों की सुनने वाला कोई नहीं है।

### हमारा घोषणा पत्र देश की आवाज

प्रियंका गांधी ने कहा था, हमने अपने घोषणा पत्र को 'न्याय पत्र' नाम दिया है। यह घोषणा पत्र सिर्फ उन घोषणाओं की सूची नहीं है, जिन्हें हम चुनाव के बाद भूल जाएंगे। यह उस देश की आवाज है जो न्याय चाहता है।

### मोदी हर जगह नया झूठ बोलते हैं: खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे घोषणापत्र का एक-एक करके आपको बताया और जो हमारी पांच न्याय गारंटी हैं और उसके तहत 25 गारंटी हम आपको करके देने का वादा कर रहे हैं, अगर हमारी सरकार आई, निश्चित रूप से हम सभी गारंटी को अमल में लाएंगे। हम कभी झूठ बोलने वालों में नहीं हैं, जैसा कि मोदी झूठ बोलते हैं और हर जगह जाते हैं, कुछ न कुछ नया झूठ बोलकर आते हैं। उन्होंने कितनी गारंटी हमसे पहले दी हैं, कौन सी गारंटी उन्होंने लोगों को दी है, लोगों तक पहुंची है, मैं आप सबसे पूछना चाहता हूं।

-पेज 02 देखें।

## जरूरी खबर

### जिला प्रमुख ने किया अन्नपूर्णा रसोई का निरीक्षण



**बेधड़क.चाकसू।** कस्बे में उपजिला अस्पताल के पास संचालित अन्नपूर्णा रसोई संख्या 560 में जयपुर जिला प्रमुख रमा चौपड़ा ने 8 रुपए का टोकन कटवाकर भोजन किया और इसकी गुणवत्ता जांची। उन्होंने साप्ताहिक मैनू टोकन, पेयजल, किचन व मेस व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। ये सभी व्यवस्थाएं सही पाई गई। इस दौरान जिला प्रमुख ने कहा कि सरकार ने गरीबों को सस्ता भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ऐसे रसोई केंद्रों की शुरुआत की गई, जिससे गरीब व मजदूरों को आसानी से भरपेट भोजन मिल सके।

### जयपुर के तीन स्थानों से रवाना होंगे मतदान दल

**बेधड़क.जयपुर।** लोकसभा चुनाव के तहत जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव के लिए सीकर रोड़ स्थित भवानी निकेतन छात्र कॉलेज, जमवारामगढ़ रोड स्थित जामिया तुल हिदाया विश्वविद्यालय एवं जेएलएन मार्ग स्थित राजस्थान कॉलेज से 18 अप्रैल को दो पारियों में कुल 4 हजार 213 मतदान दलों की रवानगी होगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि जयपुर के 8 विधानसभा क्षेत्रों में 2 हजार 85 एवं जयपुर ग्रामीण क्षेत्र में 8 विधानसभा क्षेत्रों में 2 हजार 128 मतदान दल चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाएंगे। पहली पारी के दल सुबह 7 से 10 बजे तक एवं द्वितीय पारी के मतदान दल दोपहर 11 से दोपहर 2 बजे तक रवाना होंगे।

### मतदाताओं को पर्ची व निर्देशिका वितरण शुरू



**बेधड़क.चाकसू।** उपखंड क्षेत्र में शनिवार को सहायक रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम शिवचरण शर्मा ने लोकसभा आम चुनाव के अंतर्गत 12 अप्रैल तक विधानसभा क्षेत्र चाकसू के मतदाताओं को मतदाता पर्ची एवं निर्देशिका का वितरण कार्य किया जा रहा है। इसको लेकर कस्बे में औचक निरीक्षण किया गया, जहां मतदाताओं से पर्ची व निर्देशिका को लेकर जानकारी ली गई। बताया कि सभी जगह कर्मचारी मतदाताओं को पर्ची एवं निर्देशका वितरण का कार्य करते हुए पाए गए है। उपखंड अधिकारी शर्मा ने कहा कि चुनाव संबंधित कार्य में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं होगी।

---

**कांग्रेस प्रत्याशी का सिरोही दौरा: 50 से अधिक गांवों में आमजन से किया संवाद... कहा- हर उम्मीद पर खरा उतरूंगा**

# जिले के विकास पर भाजपा सांसदों ने नहीं दिया ध्यान: वैभव

**बेधड़क** | जयपुर

सिरोही में लंबे समय से हवाई पट्टी से नियमित उड़ानें शुरू करने और रेलवे लाइन बिछाने की मांग हो रही है। कई साल पहले सर्वे भी हो चुका है। यहां पर्यटन उद्योग में विकास और रोजगार की बड़ी संभावनाएं हैं, लेकिन जनता की इन जरूरतों पर 20 साल से भाजपा सांसदों ने कोई ध्यान नहीं दिया।

यह कहना है जालोर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत का। वे शनिवार को जिले के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने सिरोही विधानसभा क्षेत्र के मांकरोडा, कृष्णगंज, सनपुर, सिलदर, मेर मण्डवाड़ा, तवरी,



कालन्द्री, सिलोईया, खाम्बल, पाडीव, उड़, मनोरा, देलदर, बरलुट, जावाल सहित 50 से अधिक गांवों की जनता से मुलाकात की और संवाद किया।

इस दौरान वैभव ने कहा कि भाजपा के सांसद हर बार वोट मांगने आते हैं, लेकिन यहां की जनता की समस्याएं दूर करने के लिए साथ खड़े नहीं होते। उन्होंने कहा कि अब साढ़े तीन महीने में भाजपा जिस तरह कांग्रेस की जनकल्याणकारी योजनाएं बंद कर रही है। उससे सिरोही की जनता त्रस्त हो चुकी है और बदलाव की मांग कर रही है।

जनता को अब कांग्रेस से आस है और मैं उनकी उम्मीदों पर पूरी तरह खरा उतरूंगा। इस दौरान पूर्व विधायक संयम लोढ़ा, महेंद्र मेवाड़ा, तेजराम मेघवाल, कुलदीप रावल, ठाकुर गूगम सिंह, संध्या चौधरी, नीतिराज सिंह, गिमताराम, शिवराम माली, प्रकाश माली सहित कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में वैभव के साथ जनसंपर्क करते नजर आए।

### पूर्व CM गहलोत आज अहमदाबाद में प्रवासियों से करेंगे संवाद

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत 7 अप्रैल रविवार को गुजरात के अहमदाबाद में प्रवासी राजस्थानियों से मुलाकात एवं संवाद करेंगे। जालोर-सिरोही क्षेत्र के प्रवासियों का यह स्नेह मिलन कार्यक्रम अहमदाबाद के वास्तरल स्थित माधव फॉर्म में शाम शाम 6.30 बजे आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत के अलावा जालोर, सांचौर, सिरोही क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल होंगे।



### दिखा वैभव के साथ सेल्फी का क्रेज

सिरोही क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने साफा-पगड़ी और माल्यार्पण के साथ वैभव का स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में युवाओं में वैभव गहलोत के साथ सेल्फी लेने का क्रेज नजर आया तो महिलाओं ने भी कांग्रेस को समर्थन देने की बात कही। बुजुर्गों ने वैभव के प्रति अपनत्व दिखाते हुए उन्हें विजयश्री का आशीर्वाद दिया। इस दौरान वैभव ने बाबा रामदेव मंदिर, बानेश्वरी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में धोक लगाई और क्षेत्रवासियों की खुशहाली की प्रार्थना की।

---

**BJP के स्थापना दिवस पर प्रदेश मुख्यालय में बोले CM भजनलाल**

# राष्ट्र की प्रगति के लिए भाजपा के पास पंचकल्याण की नीति

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आजादी मिलने के बाद महात्मा गांधी ने कहा था कि अब कांग्रेस का कोई परपज नहीं है, इसे खत्म कर देना चाहिए। अंतरिम सरकार बनने के बाद देश में दो विचारधाराएं बनी एक विचारधारा वह थी जो निःस्वार्थ भाव से राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित थे।

वहीं दूसरी विचारधारा में कुछ स्वार्थी थे, जिन्होंने सदैव अपने हितों को देश से आगे रखा। 21 अक्टूबर 1951 को श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल जैसे राष्ट्रवादी लोगों ने जनसंघ की नींव रखी और एक ध्येय वाक्य के साथ आगे बढ़े। मुख्यमंत्री शनिवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय में आयोजित पार्टी के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। दस दौरान उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि आपातकाल में जब पत्रकारों, युवाओं और कार्यकर्ताओं को जेल में डालने का काम किया गया था।

उस दौर में कांग्रेस के अत्याचारों से हर वर्ग दुखी था। केवल एक ही परिवार की राजनीति करने वाले लोगों ने राष्ट्र के मूल्यों पर कुठाराघात किया। ऐसे में देश के भीतर 6 अप्रैल 1980 को भाजपा की स्थापना हुई और यह वह राजनीतिक दल है जिसका कार्यकर्ता साल के 365 दिनकाम करता है। कार्यकर्ताओं की मेहनत के बूते ही भाजपा आज देश और विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है जो राष्ट्रहित में पंचकल्याण की नीति को लेकर काम करती है। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि कोई भी राष्ट्र तभी मजबूत बनता है जब उसके नागरिकों में राष्ट्र के प्रति प्रेम और समर्पण का भाव होता है। कार्यक्रम के दौरान मंच पर भाजपा के राष्ट्रीय संगठक वी. सतीश, कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया और विधायक गोपाल शर्मा मौजूद रहे।





### 2047 तक भारत दुनिया का मुकुट बनेगा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने 1893 में शिकागो सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा था कि 21वीं सदी भारत की सदी है। हमने उस नरेंद्र से लेकर नरेंद्र मोदी तक का सफर तय किया है। आज के नरेंद्र के पास 2047 का विजन है और आप यह तय मानिए कि आगामी 2047 तक भारत दुनिया का मुकुट बनेगा। भारत के प्रति दुनिया का नजरिया बदला है, हमारे पथ-प्रदर्शक भारत माता की 'इति' को लेकर चले। भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए उन्होने वसुधैव कुटुंबकम की नीति पर काम किया। हमारा उद्देश्य समाज में व्यापकता लाना है। हमारा भाव राष्ट्र कल्याण की है।

### अटलजी का नारा 'अंधेरा छंटेगा कमल खिलेगा'

कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 6 अप्रैल 1980 को भाजपा के गठन का मैं साक्षी रहा हूं। जब दिल्ली के फिरोजशाह कोटला में जनसंघ का जनता पार्टी में विलय हुआ था। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी अपने भाषण के दौरान श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल को याद करके भावुक हो गए थे। मुंबई के बांद्रा में 29 दिसंबर से 31 दिसंबर तक भाजपा के पहले अधिवेशन में भी मैं सम्मिलित हुआ था। देश के प्रसिद्ध वकील और न्यायाधीश एम.सी छागला ने उस समय यह कहा था कि कांग्रेस का विकल्प अटल बिहारी वाजपेयी होंगे। संघर्ष के दौर में अटलजी ने यह नारा दिया था कि 'अंधेरा छंटेगा कमल खिलेगा' और दो सांसदों से शुरूआत कर आगे बढ़ने वाली भाजपा आज विश्व का सबसे बड़ा दल है।

### चाकसू में घर-घर लगाया पार्टी का झंडा

भाजपा स्थापना दिवस पर चाकसू विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी का 45वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान विधायक रामावतार बैरवा ने भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर पार्टी का ध्वज फहराते हुए भाजपा की रीति-नीति का प्रसार किया। विधायक रामावतार बैरवा के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर पार्टी झंडा भी लगाया। इस मौके पर विधायक बैरवा ने कहा कि स्थापना दिवस पर लक्ष्य अंत्योदय, प्रण अंत्योदय, पथ अंत्योदय के तहत कार्यक्रम किया। पार्टी के उद्देश्यों तथा राष्ट्र एव जनहित के कार्यक्रमों पर प्रकाश डालते हुए भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाई।



---

**आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का लगाया आरोप**

## निर्दलीय प्रत्याशी भाटी के खिलाफ चुनाव आयुक्त को सौंपी शिकायत

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति सदस्य एडवोकेट योगेन्द्र सिंह तंवर ने मुख्य चुनाव आयुक्त जयपुर को बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी रविंद्र सिंह भाटी के खिलाफ खुद को भाजपा प्रत्याशी दिखाने वाला आपत्तिजनक पोस्टर बनाकर प्रचार करने और मतदाताओं को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत दर्ज कराई है। एड्वोकेट योगेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि बाड़मेर



के भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप पालीवाल ने इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी बाड़मेर को भी शिकायत दर्ज कराई है। इसमें दिलीप पालीवाल ने आरोप लगाते हुए कहा है कि बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा से निर्दलीय प्रत्याशी रविंद्र सिंह भाटी ने आपत्तिजनक पोस्टर में खुद को भाजपा प्रत्याशी के रूप में पेश किया है। इस पोस्टर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फोटो का उपयोग कर भाजपा प्रत्याशी कैलाश चौधरी के स्थान पर स्वंय रविंद्र सिंह भाटी को वोट देने की अपील की गई है।

रविंद्र सिंह भाटी ने इस आपत्तिजनक पोस्टर में 'मैं हूं मोदी का परिवार' अंकित किया है, जबकि भाजपा ने विधानसभा चुनाव के समय ही रविंद्र सिंह भाटी को पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते निष्कासित कर दिया था।

**कार्मिक पोस्टल बैलट से करेंगे मतदान**

## चुनाव कार्य में नियुक्त कार्मिकों का मतदान शुरू

**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा चुनाव की ड्यूटी में तैनात लगभग 3.76 लाख प्रशासनिक-पुलिस एवं अन्य राजकीय अधिकारियों-कार्मिकों का पोस्टल बैलट से मतदान किया जाएगा। प्रथम चरण के 12 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदाता के लिए फेसिलिटेशन सेंटर्स पर पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान प्रारंभ हो गया है। प्रदेश में प्रथम चरण के सभी लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव कार्य में नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्र जारी कर दिए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि इस सुविधा के लिए जिलों में फेसिलिटेशन सेंटर स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों पर प्रथम चरण के 12 लोकसभा क्षेत्रों के लिए 18 अप्रैल तक मतदान किया जा सकेगा। दूसरे चरण के 13 लोकसभा क्षेत्रों के लिए फेसिलेटशन सेंटर पर मतदान की सुविधा 25 अप्रैल तक विभिन्न दिवसों पर उपलब्ध रहेगी। पहले चरण के मतदान के लिए कार्मिकों के पोस्टल बैलट विभिन्न जिलों में भेजने के लिए जयपुर में एक 'क्लीयरिंग हाउस' शिविर का आयोजन किया गया।

---

## खबरों में बेधड़क खबर

### लॉयन की रेंज में दहाड़



मारवाड़ की रेंज में लगे लॉयन साहब ने दहाड़ना शुरू कर दिया है। साहब के एक्टिव होने के बाद कई गैंग के बदमाश रैंज से ही गायब हो गए हैं। दरअसल साहब अक्सर विशेष ऑपरेशन चलाकर बदमाशों पर नकेल कसने को लेकर चर्चा में रहते हैं। साहब ने पोस्टिंग के दौरान ऐसे-ऐसे ऑपरेशन चलाए हैं, जिनमें बड़ी सफलताएं भी मिली है। अब रेंज में पोस्टिंग मिलने के बाद साहब फिर से सक्रिय हो गए हैं। साहब के ऑपरेशन अक्सर खाकी में चर्चा में रहते हैं। चर्चा है कि साहब ने पिछले विधानसभा चुनावों में अलग-अलग ऑपरेशन के माध्यम से रिकॉर्ड कार्रवाई की थी। अब साहब ने बजरी, शराब और मादक पदार्थ तस्करों के लिए विशेष ऑपरेशन की रणनीति तैयार कर ली है। साहब की रणनीति के बाद सेवा शुल्क वाले पुलिसकर्मियों में दहशत बनी हुई है।

### गामा ने मौके पर किया मामले को रफा-दफा





शहर के एक होटल में एक गेस्ट का सोने का कड़ा पार होने का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। दरअसल एक परिवादी ने थाने में होटलकर्मियों पर सोने का कड़ा पार करने का आरोप लगाया था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल के बाद आरोपी को पकड़ लिया, लेकिन आरोपी ने सोने का कड़ा सुनार को बेच दिया। तब गामा साहब ने होटल मैनेजमेंट के इशारे पर सुनार को भी मौके पर बुला लिया और बिना एफआईआर दर्ज करके ही मामले को रफा-दफा कर दिया। इसके खाकी में कई मायने निकाले जा रहे हैं। चर्चा है कि गामा साहब जोइन करने के बाद मसाज सेंटर वालों से अभिंनदन स्वीकार कर रहे हैं।

### साहब की लाड़ली की सूदखोरी!



खाकी में तैनात एक साहब अपनी कार्यशैली को लेकर अक्सर चर्चा में रहे हैं। चाहे वह आमजन को लेकर हो या फिर अपने अधिनस्थों व सीनियरों के कामकाज में दखल डालने की बात हो। साहब की लाड़ली को लेकर इन दिनो खाकी में काफी चर्चा है कि साहब की लाड़ली ने सूदखोरी का काम शुरू कर दिया। खाकी के नुमाइंदे ही अक्सर गलियारों में बात करते नजर आते हैं कि लाड़ली सूद की राशि पर चार से पांच टका का मुनाफा लेती है। हालांकि खाकी में चल रही इन बातों की कितनी सच्चाई है, यह तो रब ही जाने, लेकिन यह मामला खाकी में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### साहब दिला रहे हैं चुनावी चंदा





खाकी में यूपीएससी से चयनित होकर बड़े ओहदे पर बैठे एक बड़े साहब ने भी लोकसभा चुनावों की बागडोर भी संभाल रखी है। लालकोठी स्थित सात मंजिला भवन में बैठने वाले साहब अपनी हर फिल्ड पोस्टिंग को लेकर चर्चा में रहते हैं। क्योंकि दोनों सरकारों में साहब लेने और देने में ज्यादा में विश्वास करते हैं। उसके आधार पर ही साहब प्राइम पोस्टिंग लेने में कामयाब हो जाते हैं। साहब द्वारा एक पार्टी के कुछ नेताओं को भू-कारोबारियों से मोटा चंदा दिलाने की चर्चा है। साहब पार्टी के प्रत्याशियों को फोन करके बोल रहे है कि चंदे और वोटों की व्यवस्था कर दी है। आप तो प्रचार-प्रसार करने में जोर लगाओ। विधानसभा चुनावों के दौरान भी साहब ने कई नेताओं को चंदा दिलाया था, जिसका फायदा साहब को लोकसभा चुनावों के बाद मिलना तय माना जा रहा है।

**- ओमप्रकाश शर्मा, विशेष संवाददाता**

---

**विद्याधर नगर में कांग्रेस की सभा में पीसीसी प्रदेशाध्यक्ष ने साधा भाजपा पर निशाना**

# प्रधानमंत्री मोदी ने दस साल झूठ व जुमलों से शासन चलाया: डोटासरा

**■ विद्याधर नगर स्टेडियम में हुई कांग्रेस की जनसभा**

**बेधड़क** | जयपुर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की शनिवार को राजधानी के विद्याधर नगर स्टेडियम में विशाल जनसभा ''न्याय पत्र-2024'' हुई।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 वर्ष तक केवल झूठ बोल कर शासन चलाया, देश में जुमले दिए गए, तानाशाही रवैया अपनाया गया, किसानों का शोषण किया गया। उन्होंने कहा कि देश के किसानों का शोषण करते हुए पहले तो केन्द्र की भाजपा सरकार ने तीन काले कानून लागू किए तथा किसान आंदोलन के पश्चात् 22 माह पूर्व जो समझौता किसानों से किया था, उसे मनवाने के लिए किसान पुनः दिल्ली जाने लगे तो उनका रास्ता भाजपा की केन्द्र सरकार ने अवरूद्ध कर दिल्ली जाने नहीं दिया। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन में 750 से अधिक किसान शहीद हो गए, किन्तु देश के प्रधानमंत्री समझौता लागू नहीं कर किसानों के साथ अन्याय कर रहे है।





### ERCP राष्ट्रीय परियोजन क्यों नहीं

डोटासरा ने सवाल उठाया कि क्या प्रधानमंत्री जी ने किसानों को एमएसपी देने, किसान की आय दुगुनी करने का वादा नहीं किया था ? उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आज फिर राजस्थान के अजमेर जिले में आएं है इसी जिले में पिछले चुनावों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के 13 जिलों की प्यास बुझाने वाली महत्वपूर्ण ईआरसीपी योजना को राष्ट्रीय परियोजना बनाने का वादा किया था, किन्तु ईआरसीपी राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं हुई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान में पर्ची से बनी सरकार थोप दी है। उन्होंने कहा कि चुनावों से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान की जनता से वादा किया था कि पड़ोसी राज्य हरियाणा के बराबर राजस्थान में पेट्रोल एवं डीजल की कीमत होगी किन्तु आज भी पेट्रोल एवं डीजल पड़ोसी राज्य से 10 रुपये महंगा है।

### प्रदेश में अपराध बेलगाम

डोटासरा ने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री से आज जनता पूछ रही है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर अपराध को लेकर आरोप लगाए जाते थे। किन्तु आज मुख्यमंत्री कार्यालय में तैनात पुलिसकर्मी के बेटे ने ही हत्या कर दी और समय पर मुकदमा तक दर्ज नहीं हुआ, यह प्रश्न आज जनता पूछ रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भ्रमण में व्यस्त है और प्रदेश में अपराध बेलगाम हो गए है। विद्याधर नगर स्टेडियम में विशाल जनसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सीपीपी चेयरपर्सन सोनिया गांधी तथा कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कांग्रेस का विजन "न्याय पत्र-2024" जारी किया। इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, एआईसीसी के राजस्थान प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, एआईसीसी के महासचिव सचिन पायलट, सचिव धीरज गुर्जर, सह प्रभारी अमृता धवन, चिरंजीव राव, महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लाम्बा, एआईसीसी के सोशल मीडिया एवं डिजीटल प्लेटफार्म्स विभाग की चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत, सांसद एवं राज्यसभा में उप नेता प्रतिपक्ष प्रमोद तिवारी सहित कांग्रेस विधायक, सांसद, विधायक प्रत्याशी, पूर्व मंत्री उपस्थित रहे।

## जरूरी खबर

### आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की चौथी जीत



**जयपुर।** इंडियन प्रीमियर लीग-2024 (आईपीएल) में राजस्थान रॉयल्स ने लगातार चौथी जीत दर्ज की है। टीम ने अब होमग्राउंड जयपुर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 6 विकेट से हराया। आरसीबी की यह 17वें सीजन में चौथी हार है। सवाई मानसिंह स्टेडियम में आरसीबी ने 20 ओवर में 3 विकेट 183 रन बनाए। आरआर ने 19.1 ओवर में 4 विकेट गंवाकर टारगेट हासिल कर लिया। जोस बटलर ने शतकीय पारी खेली। उन्होंने 58 बॉल पर शतक पूरा किया। वे 100 के स्कोर पर नाबाद लौटे। कप्तान संजू सैमसन ने 69 रन बनाए। दोनों के बीच 148 रन की मैच विनिंग पार्टनरशिप हुई। आरसीबी से विराट कोहली ने सीजन की पहली सेंचुरी लगाई। उन्होंने 73 बॉल पर 113 रन बनाए, लेकिन उनकी टीम स्कोर डिफेंड नहीं कर सकी। युजवेंद्र चहल ने 2 विकेट लिए।

### राजस्थान में 21 मई से शुरू होगी हज यात्रा

**जयपुर।** राजधानी में 21 मई से हज की उड़ानों का संचालन शुरू किया जाएगा। इसको लेकर एयरपोर्ट अथॉरिटी ने तैयारियां शुरू कर दी है। इस बार मई महीने में सीधे मदीना के लिए 9 फ्लाइट का डिपार्चर प्रस्तावित है। वहीं, जुलाई महीने में जेद्दाह से 9 फ्लाइट का अराइवल निर्धारित है। इस साल भी 21 मई से 11 जुलाई तक हज फ्लाइट्स का संचालन जयपुर एयरपोर्ट के टर्मिनल 1 से किया जाएगा। इस बार 21 से 27 मई तक मंगलवार, गुरुवार, शनिवार, रविवार और सोमवार को जयपुर से मदीना के लिए एक और बुधवार और शुक्रवार को दो उड़ानें निर्धारित है। 4 से 11 जुलाई के बीच वापसी फ्लाइट संचालित होगी। टर्मिनल 1 पर महिला और पुरुष यात्रियों के लिए अलग से नमाज अदा करने की व्यवस्था की गई है।

**जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) ने सौंपी रिपोर्ट**

# जल जीवन मिशन घोटाले में ED की एंट्री से होंगे बड़े खुलासे

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान के जल जीवन मिशन घोटाले में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) ने ईडी को रिपोर्ट सौंप दी है, जिसमें जल जीवन मिशन भ्रष्टाचार में पदमचंद जैन और महेश मित्तल के फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र के तीन साल का रिकॉर्ड ईडी को उपलब्ध करवाया है। ऐसे में अब ईडी की जांच में कई अहम खुलासे हो सकते हैं।

राजस्थान के जल जीवन मिशन का बट्टा बैठाने वाली श्रीश्याम और गणपति ट्यूबवैल फर्म पर ईडी का शिकंजा और मजबूत होता जा रहा है। जलदाय विभाग ने इरकॉन के प्रमाण पत्रों के 3 साल की रिपोर्ट ईडी को भेज दी है।

चीफ इंजीनियर शहरी राकेश लुहाड़िया,चीफ इंजीनियर प्रोजेक्ट संदीप शर्मा और चीफ इंजीनियर जल जीवन मिशन दलीप कुमार गौड़ ने पूरी रिपोर्ट ईडी को सौंपी है, जिसमें दोनों फर्मों की 2020 से 2023 तक के तीन साल की टेंडर की रिपोर्ट है। ईडी के डिप्टी डायरेक्टर आनंद प्रकाश ने जलदाय विभाग को पत्र लिखकर पूरी रिपोर्ट मांगी थी।



### नवीनीकरण के बाद कहां-कहां लगे प्रमाण पत्र

श्री श्याम और गणपति ट्यूबवेल फर्म ने रजिस्ट्रेशन नवीनीकरण के बाद में इरकॉन के प्रमाण पत्र कहां कहां लगाए? दोनों फर्मों द्वारा टेंडर में लगाए गए इरकॉन के सभी प्रमाण पत्रों की प्रतियां ईडी को उपलब्ध करवाई गई। दोनों फर्मों की उच्च स्तरीय कमेटी, जिसमें तत्कालीन डीएस गोपाल सिंह, चीफ इंजीनियर दलीप गौड़ और फाइनेंस एडवाइजर केसी कुमावत की जांच रिपोर्ट ईडी को उपलब्ध करवाई गई है। वहीं, दोनों फर्मों के टेंडर एनआईटी नंबर, वर्क आर्डर, किसने पैमेंट किया, कहां-कहां इरकॉन के सर्टिफिकेट लगाए गए, ये पूरा इनपुट ईडी को उपलब्ध करवाया है।

### फर्जी प्रमाण पत्र से यहां-यहां लिए टेंडर

सूत्रों की मानें तो दोनों फर्मों ने 900 करोड़ के टेंडर इरकॉन के नाम से फर्जी प्रमाण पत्र से हासिल किए थे। इसमें जगतपुरा में 81.80 करोड़, सवाई माधोपुर में 16.85 करोड़, नीमकाथाना में 23.87 करोड़ और 23.81 करोड़ के टेंडर, खो नागोरियान प्रोजेक्ट 53.28 करोड़, शाहपुरा में 6.19 करोड़, नागौर में 93.15 करोड़, 85.77 करोड़, सीकर में 14.65 करोड़, अजीतगढ़-श्रीमाधोपुर में 21.38 करोड़, खंडेला में 23.81 करोड़ के टेंडर हासिल किए थे।

**समीक्षा बैठक:** उच्च अधिकारियों की भी तय की जाएगी जिम्मेदारी

# जनसेवा और जीवन रक्षा सर्वोपरि लापरवाही बर्दाश्त नहीं: ACS सिंह

**बेधड़क** | जयपुर

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने कहा कि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है। जनसेवा और जीवन रक्षा का उद्देश्य ही सर्वोपरि है। स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता में किसी भी स्तर पर असंवेदनशील रवैया या लापरवाही सामने आई तो सख्त कार्रवाई होगी। ऐसे मामलों में दोषी अधिकारी या कार्मिक के साथ-साथ संबंधित उच्च अधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय की जाएगी।

शुभ्रा सिंह शनिवार को स्वास्थ्य भवन में मौसमी बीमारियों, चिकित्सा संस्थानों के लिए भूमि की उपलब्धता, फायर एनओसी सहित अन्य विषयों पर आयोजित राज्य स्तरीय वीडियो कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि विगत दिनों में कुछ चिकित्सा संस्थानों में ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें चिकित्सकों एवं अन्य कार्मिकों का मरीजों के प्रति असंवेदनशील रवैया रहा। ऐसी घटनाएं बर्दाश्त नहीं की जा सकती। उन्होंने चिकित्सा शिक्षा आयुक्त को निर्देश दिए कि चिकित्सा प्रबंधन से संबंधित एसओपी और गाइडलाइंस को और सुदृढ़ बनाया जाए।



### मलेरिया की रोकथाम को चलाया जा रहा क्रेष प्रोग्राम

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने मौसमी बीमारियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि इस बार मौसमी बीमारियों की रोकथाम और प्रसार को रोकने के लिए पूर्व तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं। मलेरिया की रोकथाम के लिए प्रदेश में एक अप्रैल से मलेरिया क्रेष प्रोग्राम चलाया जा रहा है, ताकि बारिश के मौसम में इस बीमारी का प्रसार नहीं हो। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी जमीनी स्तर पर जिम्मेदारी के साथ काम करें। मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य, संयुक्त निदेशक जोन, सीएमएचओ, पीएमओ सहित पूरा सिस्टम प्रो-एक्टिव एप्रोच के साथ काम करें। उन्होंने कहा कि मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए अंतर्विभागीय समीक्षा साप्ताहिक रूप से की जाएगी। जिला एवं ब्लॉक स्तर पर भी मौसमी बीमारियों की साप्ताहिक समीक्षा करने के निर्देश दिए। समझाइश के बाद भी पानी भराव की स्थिति पाए जाने पर चालान की कार्यवाही करे।

### गतिविधियों की दैनिक रिपोर्टिंग की जाए

शुभ्रा सिंह ने कहा कि स्थानीय निकाय विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, पंचायतीराज विभाग, सहित सभी संबंधित विभागों के साथ बेहतर समन्वय कर समुचित तैयारियां की जाएं। अस्पतालों में दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता रहे। सोर्स रिडक्शन, इनडोर स्प्रे एवं एंटी लार्वा गतिविधियां करने के साथ ही आमजन एवं स्कूलों में बच्चों को इन बीमारियों से बचाव के लिए आईईसी गतिविधियां की जाएं। मौसमी बीमारियों से जुड़ी सभी गतिविधियों एवं केसेज की दैनिक रिपोर्टिंग सुनिश्चित की जाए। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने ने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए अस्पतालों में मरीजों एवं परिजनों के लिए पानी एवं छाया का समुचित प्रबंध हो। साथ ही, इस मौसम में बिजली उपकरणों के अधिक उपयोग के कारण आग लगने की घटनाओं की आशंका रहती है। इसे देखते हुए अस्पतालों में फायर सेफ्टी सिस्टम की क्रियाशीलता की जांच करवाई जाए। साथ ही फायर सेफ्टी ऑडिट एवं एनओसी की कार्यवाही भी शीघ्र की जाए।

### जल्द करें भूमि चिह्नीकरण

उन्होंने कहा कि भूमि की उपलब्धता के अभाव में कई चिकित्सा संस्थानों के भवनों का निर्माण नहीं हो पा रहा है। ऐसे भवनों के लिए भूमि चिन्हित करने की कार्यवाही शीघ्र की जाए। उन्होंने कहा कि चिकित्सा सुविधाएं सुदृढ़ करने की दृष्टि से प्रदेशभर में चिकित्सा संस्थानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। जिन संस्थानों का अभी तक निरीक्षण नहीं हुआ है। उनका प्राथमिकता के साथ निरीक्षण किया जाना सुनिश्चित करें।

### ये जुड़े वीसी से

बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन निदेशक डॉ. जितेन्द्र कुमार, चिकित्सा शिक्षा आयुक्त इकबाल खान, आरएमएससी प्रबंध निदेशक नेहा गिरी, अति. निदेशक आरएच डॉ. प्रवीण असवाल एवं स्थानीय निकाय, शिक्षा, पंचायतीराज सहित संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। मेडिकल कॉलेज प्रधानाचार्य, अधीक्षक, माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष, संयुक्त निदेशक जोन, सीएमएचओ, अधिशाषी अभियंता, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, एंटोमोलोजिस्ट एवं वीबीडी सलाहकार भी वीसी से जुड़े।

### शान से फिर लहराया तिरंगा



*जयपुर। मानसरोवर स्थित सिटी पार्क में लगा राष्ट्रीय तिरंगा ध्वज शुक्रवार की रात को आई तेज हवाओं से क्षतिग्रस्त हो गया था। क्षतिग्रस्त तिरंगे ध्वज को अधिकारियों ने शनिवार दोपहर में बदल कर नया ध्वज लगाया।* ***-फोटो: राजेश कुमावत***

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**अहिंसा सर्किल के पास मॉल के बाहर थी खड़ी**

# कचरे में लगी आग से जली कार

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी में कचरे में लगी आग से एक कार जल गई। कार मालिक गाड़ी को मॉल के बाहर पार्क कर अंदर ऑफिस में गए थे। सूचना पर फायर बिग्रेड की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। फायर बिग्रेड डिपोर्टमेंट (बनीपार्क) के हिमांशु कुमावत ने बताया- कार में आग लगने का मामला सी स्कीम का है। शनिवार दोपहर करीब 11:30 बजे सिद्धार्थ शर्मा किसी काम से सी स्कीम आए थे। अहिंसा सर्किल के पास एक मॉल के बाहर कार पार्क कर अंदर ऑफिस मे चले गए। महज 10 मिनट बाद ही कार के नीचे पड़े कचरे में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। सिद्धार्थ शर्मा की कार आग की चपेट में आ गई। मौके पर हंगामा मचने पर वहां खड़ी दूसरी कार को हटाया गया। अशोक नगर पुलिस मौके पर पहुंची। फायर बिग्रेड ने 15 मिनट में आग पर काबू पाया गया।



**नागपुर में कल होगा** ‘सेल्फ रिएलाइजेशन विद विनायक’

# युवाओं को जागरूक करेंगे विनायक शर्मा

**बेधड़क** | जयपुर

नागपुर के चिटनविस सेंटर में 8 अप्रैल को सेल्फ रिएलाइजेशन विद विनायक का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन अध्यात्मिक प्रचारक और प्रेरक वक्ता विनायक शर्मा के नेतृत्व में होगा। सेल्फ रियलाइजेशन विद विनायक का उद्देश्य युवाओं को शाश्वत सत्य का अनुभव करवाना है। मनुष्य ईश्वर का ही अंश हैं इस आयोजन का मकसद युवाओं को यह याद दिलाना है कि उनमें हर पराक्रम करने की ऊर्जा है। यह उसे उसी के अंदर बैठे परमात्मा के द्वारा जन्म से ही मिली हुई है, केवल उसे पहचानने की आवश्यकता है।




### शाम 5 बजे होगी शुरुआत

सेल्फ रियलाइजेशन विद विनायक का लक्ष्य उन युवाओं को जागरूक करना है जो जीवन की भौतिक चीजों में उलझा हुआ है और जो खुद को केवल शरीर मात्र के रूप में देखते हैं। इसी का ही परिणाम है कि आज देश का युवा डिप्रेशन, एनजाइटी में फंसकर आत्महत्या जैसा कृत्य करता है या फिर अपराध का रास्ता अपनाता है। सेल्फ रियलाइजेशन विद विनायक शाम 5 बजे से शुरू हो जाएगा। इस मोटिवेशनल सेशन की एंट्रीज फ्री हैं।

**डीएसटी और शिवदासपुरा पुलिस की कार्रवाई**

# 3 बदमाशों से अवैध हथियार पकड़े, 7 पिस्तौल बरामद

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी की शिवदासपुरा थाना पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। शिवदासपुरा थाना पुलिस ने डीएसटी साउथ टीम के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध हथियारों के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक नाबालिग को निरुद्ध किया है। आरोपियों के कब्जे से 7 अवैध पिस्टल मैगजीन के साथ और 2 अतिरिक्त मैगजीन बरामद की है। आरोपियों के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी मध्य प्रदेश से अवैध हथियार लाकर जयपुर में बेचकर मोटा मुनाफा कमाते थे। डीसीपी साउथ दिगंत आनंद के मुताबिक पुलिस मुख्यालय की ओर से ऑपरेशन वज्र प्रहार चलाया जा रहा है। ऑपरेशन के तहत जयपुर शहर में अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। शिवदासपुरा थाने पर सूचना मिली थी कि चार संदिग्ध लोग गोनेर जाने वाले मार्ग पर द्रव्यवती नदी के पास झाड़ियों और बबूल की आड़ में छुपकर बैठे हुए हैं।

उनके पास अवैध हथियार होने की पुख्ता सूचना है, जो कि अवैध हथियारों को बेचने की फिराक में हैं। प्राप्त सूचना पर कार्रवाई के लिए डीएसटी साउथ टीम और शिवदासपुरा थाना अधिकारी रणजीत सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने मौके पर चार लोगों को डिटेन करके पूछताछ की और आरोपियों के पास अवैध हथियार बरामद किए। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है और एक किशोर को निरुद्ध किया गया है। पुलिस ने जयपुर निवासी आरोपी रोहन मलिक, मोहम्मद इश्तियाक और फलोदी निवासी गणेश मेघवाल को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 7 अवैध पिस्टल मय मैगजीन और दो अतिरिक्त मैगजीन बरामद की गई है।



### कई आपराधिक प्रकरण दर्ज

आरोपियों से पूछताछ में सामने आया है कि वह मध्य प्रदेश से हथियार खरीद कर जयपुर शहर और अन्य जगहों पर ग्राहकों को बेचकर मोटा मुनाफा कमाते थे। आरोपी गणेश मेघवाल के खिलाफ पांच प्रकरण दर्ज हैं, जिनमें से एक जयपुर ग्रामीण के मनोहरपुर थाने में अवैध पिस्टल रखने का मामला है। एक प्रकरण नागौर में अपहरण का भी दर्ज है। इसके अलावा रोहन मलिक के खिलाफ नागौर में एक एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज हैं।

**औषधीय पादप केंद्र में कार्यक्रम**

# राज्यपाल को शल्य चिकित्सा पर लिखी पुस्तिका भेंट की



**बेधड़क** | जयपुर

राज्यपाल कलराज मिश्र वैदिक औषधीय पादप केंद्र में औषधीय की महिमा तथा दर्शन के विषय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर अखिल भारतीय गोशाला सहयोग परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता ने राज्यपाल को महर्षि सुश्रुत्व द्वारा 2000 वर्ष पूर्व शल्य चिकित्सा सर्जरी के ऊपर लिखी सुश्रुत संहिता भेंट की।

डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि विश्व इतिहास में सर्जरी के जनक महर्षि आचार्य सुश्रुत्व हैं, जिन्होंने 2000 वर्ष पूर्व ही महर्षि आचार्य चरक द्वारा लिखित चरक संहिता का विस्तार करते हुए शल्य चिकित्सा सर्जरी का निर्माण किया।

## जरूरी खबर

### महिलाओं ने पेयजल समस्या का जताया विरोध



**अजमेर।** शहर के वार्ड-14 में पानी की समस्या को लेकर महिलाओं ने विरोध जताया। महिलाओं का कहना रहा कि क्षेत्र में पानी की सप्लाई पांच पांच दिन में होती है और वो पूरी व प्रेशर से नहीं होती। ऐसे में पानी का संकट बना रहता है। इसको लेकर कई बार शिकायत की लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। क्षेत्रवासी महिला यशोदा ने बताया कि पिछले 5 सालों से उनकी बस्ती के लोग पानी की किल्लत से परेशान हैं। जब भी मांग करते हैं तो अधिकारी केवल आश्वासन दे देते है।

### भयमुक्त मतदान के लिए जवानों ने किया फ्लैग मार्च

**अलवर।** लोकसभा चुनाव में भयमुक्त वातावरण में कराने के लिए प्रशासन हर कदम उठा रहा है। शनिवार को जिले के टहला क्षेत्र के गोलाकाबास में निष्पक्ष एवं भयमुक्त मतदान का संदेश देने के लिए कस्बे सहित क्षेत्र में थानागाजी पुलिस सीओ सुघड़ सिंह व टहला थाना इंचार्ज ब्रजेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस व बीएसएफ के जवानों ने फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च के दौरान जवानों ने मतदाताओं से भयमुक्त होकर मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक किया। इस दौरान बीएसएफ के सब इंस्पेक्टर बीआर विश्नोई, गोलाकाबास पुलिस चौकी प्रभारी सतवीर सहित सैकड़ों जवानों ने कस्बे के मुख्य रास्तों व मतदान केंद्र तक फ्लैग मार्च किया।

### 8 लाख रुपए का अफीम का दूध जब्त, आरोपी धरा



**सिरोही।** जिले पिंडवाड़ा पुलिस और डीएसटी टीम ने स्विफ्ट कार में ले जाया जा रहा 1.575 किलोग्राम अफीम का दूध जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस अफीम के दूध की कीमत 8 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस के अनुसार धांगा पुलिया हाईवे पर नाकाबंदी के दौरान वहां से गुजर रही स्विफ्ट कार को रुकवाकर तलाशी ली गई। कार में 1.575 किलोग्राम अफीम का दूध पाया गया। कारवाई के बाद अफीम के दूध और कार को जब्त कर भीयासर, थाना सागड़, जिला जैसलमेर निवासी भगाराम जाट को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## तड़के चार बजे से कालीसिल नदी में स्नान के बाद दर्शन के लिए रवाना हुए श्रद्धालु

# कैला माता के चैत्र मेले में पहले ही दिन उमड़े लाखों श्रद्धालु

**बेधड़क** | करौली

प्रसिद्ध कैला माता धाम में शनिवार को चैत्र मेले का शुभारंभ हुआ। इसके साथ ही मेले में श्रद्धालुओं की अपार आस्था उमड़ी नजर आई। मेले के पहले ही दिन करीब 2 लाख श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर मनौतियां मांगी। इसके चलते तड़के से रात तक मंदिर परिसर माता के जयकारों से गूंजता रहा।

22 अप्रेल तक चलने वाले चैत्र लक्खी मेले को लेकर उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, गुजरात आदि प्रांतों से कैलादेवी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं।



मेले के पहले दिन तड़के चार बजे से कालीसिल नदी में स्नान के बाद श्रद्धालुओं का रैला दर्शनों के लिए रवाना हुआ। इसके चलते सुबह से ही रैलिंग भक्तों से खचाखच भर गई। माता के दर्शनों के लिए कतार में खड़े श्रद्धालु जयकारे लगाते हुए गुनगान करते नजर आए। देर शाम तक मंदिर के सामने भक्तों की लम्बी लाइने लगी रही। मां के दर्शनों के लिए श्रद्धालु लालयित नजर आए। भीड़ के चलते श्रद्धालुओं को दर्शनों के लिए इंतजार भी करना पड़ा। कैलादेवी मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक स्थापना प्रदीप द्विवेदी ने बताया कि माता का मेला शनिवार से शुरू हुआ है, जो 22 अप्रेल तक चलेगा। पहले दिन दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर मनौती मांगी।

### ध्वज-पताकाएं लेकर पहुंच रहे पैदल यात्री

कैला माता के मेले में काफी संख्या में श्रद्धालु पैदल ही माता के दर्शन के लिए आ रहे हैं। जगह-जगह से पदयात्राएं पहुंचना शुरू हो गई है। पदयात्रियों की संख्या में शनिवार को और इजाफा हो गया। दिनभर सड़क पर पदयात्रियों के जत्थे निकलते नजर आए। माता के दरबार में पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। सैकड़ों किलोमीटर की पदयात्रा कर श्रद्धालु माता के दरबार की ओर बढ रहे हैं। इसके चलते हिण्डौनसिटी से करौली और करौली से कैलादेवी तक का मार्ग पर श्रद्धालु नजर आ रहे हैं। इन पदयात्रियों में विशेष रूप से उत्तरप्रदेश के आगरा, एटा, हाथरस, मथुरा सहित अन्य स्थानों से यात्री अपने परिजनों, मित्रों के साथ जत्थों के रूप में जा रहे हैं। डीजे पर नाचते-गाते चल रहे पदयात्रियों से पूरा मार्ग धर्ममय बना हुआ है। इन भक्तों के लिए जगह-जगह भण्डारे, प्याऊ, विश्राम स्थल और चिकित्सा स्थल बनाए गए हैं।

### सड़कों वाहनों की थीमी हुई रफ्तार

हिण्डौन से करौली और करौली से कैलादेवी तक एक ओर के मार्ग में पदयात्रियों की कतार के चलते वाहनों की रफ्तार मंद पड़ गई है। हिण्डौन से करौली तक का मार्ग सामान्य दिनों में लगभग एक घंटे में पूरा हो जाता है, लेकिन यह समय अब बढ़कर 2 से ढाई घंटे का हो गया है। वहीं करौली से कैलादेवी तक करीब 40 मिनट का रास्ता है, जो अब डेढ़ घंटे से दो घंटे में पूरा हो पा रहा है। उधर दूरदराज शहरों से पदयात्रा करके आ रहे श्रद्धालु पांचना बड़ा पुल पर ठहरकर स्नान के बाद आगे बढ़ रहे हैं। पांचना पुल पर हजारों की भीड़ जुट रही।

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने अजमेर में विजय शंखनाद रैली में कहा

# PM मोदी की दूरगामी सोच से देश विकास पथ की ओर बढ़ा

**बेधड़क** | अजमेर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लोकसभा चुनाव के तहत शनिवार को अजमेर के पुष्कर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में विजय शंखनाद रैली को संबोधित किया।

उन्होंने भाजपा के 10 वर्षों के विकास कार्यों एवं प्रधानमंत्री मोदी की दूरगामी सोच व आमजन के कल्याण से जुड़े कार्यों एवं योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में 2024 में पुनः भाजपा की सरकार बनानी है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सदैव देश के विकास एवं प्रगति के लिए कार्य किया है। भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्रहित को अपना मूल मंत्र मानकर जन सेवा का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि जनसंघ की स्थापना से लेकर भाजपा के गठन तक व वर्तमान समय में हमारे कुशल नेतृत्व ने विभिन्न मुद्दों एवं चुनौतियों का सामना किया है। स्व. डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जम्मू कश्मीर को लेकर देखे गए विजन को पीएम मोदी ने मूर्त रूप दिया। धारा-370 को लेकर पार्टी ने जो वादा किया उसे भी उन्होंने पूरा किया।








### मंदिर निर्माण के संघर्ष को किया सार्थक

सीएम शर्मा ने कहा कि अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान रामलला के भव्य एवं दिव्य मंदिर निर्माण ने 500 वर्षों के संघर्ष की सार्थकता को पूरा किया और यह सब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत इरादे व दृढ़संकल्प से संभव हो सका। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले पीएम मोदी की ओर से किया गया 11 दिवसीय उपवास ने हम सभी को प्रेरणा दी कि हम भी हमारी सनातन संस्कृति को इसी प्रकार से आगे बढ़ाए। विगत 10 वर्षों में पीएम मोदी द्वारा लिए गए फैसलों से देश मजबूत बना है और विश्व में राष्ट्र की विशिष्ट पहचान कायम हुई है।

### धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को मिली पहचान

मुख्यमंत्री भजन लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत की पहचान हमारे मंदिरों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर एवं उज्जैन में महाकाल कॉरिडोर के निर्माण ने हमारे मंदिरों की अलौकिक भव्यता को बढ़ाया है। सीएम शर्मा ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मात्र तीन माह से कुछ अधिक समय में हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री की ओर से दी गई गारंटियों को पूरा करने का कार्य किया है। संकल्प पत्र की 45 प्रतिशत गारंटियां हम पूरी कर चुके हैं। इस अवसर पर अजमेर एवं नागौर लोकसभा सीट के भाजपा प्रत्याशियों सहित भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न नेता एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## एसपी को लिखित में दी शिकायत

# दलित युवक को थाने में रातभर बेरहमी से पीटा, 22 घंटे किया टॉर्चर



**बेधड़क** | बहरोड़

क्षेत्र में एक दलित युवक को थाने में 22 घंटे तक बैठाने और बेरहमी से टॉर्चर करने का मामला सामने आया है। घटना कोटपूतली-बहरोड़ जिले के बहरोड़ थाने की है। 25 साल के दलित युवक अंकित मावर ने आरोप लगाए कि थाने ले जाकर दो सिपाहियों ने उसे रातभर टॉर्चर किया। हाथों पर जूते लेकर चढ़ गए। कमर से नीचे जमकर पट्टे बरसाए। पूरा शरीर नीला पड़ गया।

परिजनों के साथ युवक शनिवार सुबह कोटपूतली-बहरोड़ एसपी ऑफिस पहुंचा और एसपी वंदिता राणा को लिखित शिकायत दी। इसके बाद पीड़ित दोपहर करीब 1 बजे नीमराना एएसपी शालिनी राज से भी मिला और अपनी पीड़ा बताई। युवक ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पीड़ित युवक अंकित मावर पुत्र रविशंकर ने शिकायत में बताया कि मैं बहरोड़ में मोहल्ला जैतपुर वार्ड नंबर 4 में रहता हूं। 4 अप्रैल की रात 8 बजे बिजली पावर हाउस के पास गया था।

यहां बहरोड़ थाने से डीएसटी टीम के साथ सिपाही संजय धनकड़ और कपिल शर्मा आए। वे मुझे बहरोड़ थाने ले गए। वहां मुझे जमीन पर गिराकर बुरी तरह मारपीट शुरू कर दी। उस समय डीएसपी कृष्णा कुमार भी मौजूद थे। डीएसपी के सामने ही सिपाहियों ने पीटा। मेरे हाथ-पैरों को जूतों से कुचला। जातिसूचक शब्दों से प्रताड़ित किया और गालियां दीं। मारपीट के दौरान वे कह रहे थे कि अवैध कट्टा लेकर आओ। ऐसे केस में फंसाएंगे कि जमानत भी नहीं होगी। उन लोगों ने मुझे दूसरे दिन 5 अप्रैल की शाम 6 बजे तक थाने में बैठाकर रखा। शुक्रवार को एसडीएम से जमानत होने के बाद मुझे छोडा।

घर पहुंचने के बाद मैं अपने परिजनों के साथ शुक्रवार शाम 7 बजे बहरोड़ पुलिस थाने शिकायत लेकर पहुंचा, लेकिन मेरी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। शुक्रवार रात 8 बजे मैं बहरोड़ जिला अस्पताल पहुंचा, जहां मेडिकल करवाया। उधर सिपाही संजय ने बताया कि डीएसपी कृष्ण कुमार के कहने पर अंकित को थाने लेकर गए थे। पिटाई के आरोप झूठे हैं। उसकी पिटाई किसने की, इसकी जानकारी नहीं है। बहरोड़ थाने में 24 फरवरी को एससी-एसटी एक्ट में एक मामला दर्ज हुआ।

जैतपुरा मोहल्ले के रहने वाले कालूराम मेघवाल ने मामला दर्ज कराया था। डीएसपी कृष्ण कुमार ने कहा कि मामला मेरे संज्ञान में आया है। जांच की जाएगी। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई करेंगे। मैंने किसी को भी थाने नहीं बुलाया था। कौन लेकर आया और क्यों लेकर आया, इसकी एसएचओ से जानकारी ले रहा हूं। सिपाही संजय धनकड़ और कपिल लंबे समय से डीएसटी में पदस्थापित है।

## 7 देसी पिस्टल व 2 मैगजीन की जब्त, नाबालिग निरुद्ध

# अवैध हथियार के साथ 3 गिरफ्तार

**बेधड़क** | चाकसू

शिवदासपुरा थाना पुलिस व डीएसटी टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार के साथ तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक नाबालिग को निरुद्ध किया है।

गिरफ्तार आरोपी रोहन मलिक निवासी दौसा, गणेश मेघवाल फलोदी व मोहम्मद इश्तियाक खो नागोरियन इलाके के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोपियों से 7 देशी पिस्टल व 2 मैगजीन बरामद किए हैं। शिवदासपुरा थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया कि क्षेत्र में अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ अभियान चलाया हुआ है। इस बीच सूचना मिली थी



कि विधाणी से गोनेर जाने वाली रोड कर द्रव्यवाती नदी के पास झाड़ियों में 4 संदिग्ध लोग बैठे हैं और वे अवैध हथियार बेचने की फिराक में हैं। इस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदिग्धों की तलाशी ली। इस दौरान आरोपियों के पास से 7 देशी पिस्टल व 2 मैगजीन मिली। पुलिस ने अवैध हथियारों को जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और नाबालिग को निरुद्ध किया। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

# व्यापारी की हत्या का खुलासा, 3 गिरफ्तार

**बेधड़क** | ब्यावर

जिले में गत एक अप्रैल को नामी व्यापारी की नृशंस हत्या कांड का पुलिस ने पांच दिन बाद खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

एएसपी हिमांशु जांगिड़ ने बताया कि सेदड़ा रोड पर सूर्यमहल होटल के सामने एक खंडहर में एक व्यक्ति की हत्या की पुलिस को सूचना मिली थी। इस पर साकेत नगर थाना पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का मुआयना करते हुए आस-पास के लोगों से पूछताछ की। जांच के दौरान मुखबिर से आरोपियों के जिले से बाहर छिपे होने की सूचना मिली। इस पर जिले के बाहर कई स्थानों पर दबिश देकर हत्या के आरोपी मोहन सिंह, श्याम सिंह व महेंद्र सिंह को डिटेन कर लिया। एएसपी जांगिड़ ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि मोहन सिंह का मृतक मनजीत सिंह से रुपयों का लेनदेन था। मृतक द्वारा मोहन सिंह से उधार के रुपए मांगने पर दोनों में कहासुनी हो गई। इसको लेकर मनजीत सिंह ने श्याम सिंह तथा महेंद्र सिंह को साथ लेकर हत्या की साजिश रची। इसके तहत खंडहर में सिर पर वार कर हत्या कर दी।

## 3 मोबाइल और दो फर्जी सिम बरामद

# महिला कांस्टेबल से 13.55 लाख की ठगी, नाइजीरियन गिरफ्तार

**बेधड़क** | अजमेर

जिले में एक महिला कांस्टेबल से 13.55 लाख की ठगी के मामले में साइबर थाना पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। इसके तहत ठगी के आरोप में एक नाइजीरियन नागरीक को गिरफ्तार किया है।

आरोपी नाइजीरियन को साइबर पुलिस ने मोबाइल नंबर से ट्रेस कर दिल्ली में दबिश देकर पकड़ा था। उसके पास से 3 मोबाइल और दो फर्जी सिम बरामद हुई है। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर चार दिन के रिमांड पर लिया है। अब पुलिस उसके अन्य साथियों और उसके नेवटर्क के बारे में पूछताछ करेगी। साइबर थाने के सब इंस्पेक्टर मनीष चरण ने बताया कि थाने पर मार्च 2024 में 13.55 लाख की धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ था। इसमें उच्च अधिकारियों के निर्देश पर मामला दर्ज कर टीम का गठन किया गया और कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे।



पीड़ित के पास जिस नंबर से कॉल आया था उसकी सीडीआर एवं कैफ डिटेल प्राप्त की कर सूचना संकलित की गई। इसके बाद टीम को आरोपी की लोकेशन दिल्ली की मिली। इसके बाद टीम दिल्ली के लिए रवाना हुई, जहां विभिन्न जगहों पर दबिश देकर आरोपी नाइजीरियन नागरिक हाल निवासी चंदन विहार उत्तम नगर दिल्ली सेलवेस्टर ईफाइनी (42) पुत्र ओकेचुकी को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया।

### 2023 में आया था भारत

जानकारी के अनुसार आरोपी नाइजीरियन जुलाई 2023 में ही भारत आया था। वह इससे पहले भी यहां आ चुका है। वह मिजोरम, तमिलनाडु, मुंबई से फर्जी सिम खरीद कर अपने साथियों को उपलब्ध कराता था। इन फर्जी सिम से ही लोगों को कॉल कर झांसे में लेकर ठगी की वारदात को अंजाम दिया जाता था। पुलिस की शुरुआती पूछताछ में आरोपी की ओर से फर्जी सिमे बेचने की बात सामने आई है। पुलिस मामले में गहनता से पूछताछ में जुटी है।

### महंगे गिफ्ट का दिया झांसा

अजमेर के कुंदन नगर की रहने वाली पीड़ित महिला ने रिपोर्ट में बताया कि वह जीआरपी लाइल में कांस्टेबल है। 12 मार्च को दोपहर में एक महिला का कॉल आया और उसने खुद को कस्टम अधिकारी बताते हुए कहा कि यूके से कुछ गिफ्ट पार्सल व विदेशी मुद्रा 60 हजार पोंड आपके नाम से भेजे गए हैं। इस पर उसकी बात को नजर अंदाज किया और फोन काट दिया। उसके बाद फिर से अज्ञात महिला ने कॉल किया और बताया कि यदि आप गिफ्ट नहीं लेना चाहते है तो आपका बहुत नुकसान हो जाएगा। महिला ने कहा कि रकम बड़ी है, इसके लिए आपको इनकम टैक्स भी भुगतान करना होगा। इसे आपके खाते में वापस रिटर्न कर दिया जाएगा। उसने फोन-पे पर 42 हजार 500 का भुगतान मांगा, जो कर दिया।

### कई बार में मांगे रुपए

इसके बाद 13 मार्च को फिर से कॉल आया और एक लाख 85 हजार रुपए मांगे। यह राशि भी जमा करा दी। इसके बाद फिर कॉल आया कि भारतीय मुद्रा के अनुरूप राशि 60 लाख है, इसके लिए आपको इनकम टैक्स में 4 लाख 90 हजार देने पडेंगे। तब महिला कांस्टेबल ने यह राशि भी जमा करा दी। इसके बाद उसका फिर कॉल आया और बताया कि कुल 12 लाख 85 हजार देने होंगे। इस पर शेष राशि 6 लाख 37 हजार 500 भी जमा कराई। यह पर्सनल लोन लेकर भुगतान किया गया। ठगी का अहसास हुआ तो ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। आरोपी ने कुल 13 लाख 55 हजार की ठगी की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

# सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक रहेगा शटडाउन

**चाकसू।** लाइन शिफ्टिंग के चलते कस्बा सहित विभिन्न इलाकों में शनिवार को 6 घंटे विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी। विद्युत वितरण निगम के सहायक अभियंता के अनुसार सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली बंद रहेगी। लाइन शिफ्टिंग कार्य के चलते चाकसू का शटडाउन रहेगा। इस दौरान चाकसू कस्बा, जगन्नाथ यूनिवर्सिटी, स्माइलेक्स फैक्ट्री, हैट्रिक, क्लासिकल, मैदा फैक्ट्री, आरएमसी फैक्ट्री, अरिहंत एग्गो, डायनामिक, आर्का पैकेज, इम्पीरियल, शाइनर पेपर, मुण्डिया, स्वामी का बास, जीवनपुरा, जयसिंहपुरा, टिगरिया, लालपुरा, भूरटिया, राधवपुरा, चौरिया, मुहम्मदपुरा, जयप्रकाशपुरा, निमोड़िया, आकोड़िया आदि क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

मरीजों को अब नहीं जाना होगा दिल्ली-मुंबई, 46 वर्षीय हजारीलाल का ट्यूमर निकाला

# झालावाड़ मेडिकल कॉलेज में हुई पहली अवेक ब्रेन सर्जरी

बेधड़क | जयपुर

झालावाड़ सरकारी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में इन दिनों नवाचारों का दौर जारी है। यहां पर लगातार नवाचार किए जा रहे हैं और महंगे ऑपरेशनों को यहां निशुल्क किया जा रहा है। जिससे आम जनता को काफी सुविधाएं मिल रही है और लाभान्वित रोगियों के परिजनों की खुशी का तो कोई ठिकाना ही नहीं है।

यहां पूरे राज्य में पहली बार सरकारी अस्पताल में अवेक ब्रेन सर्जरी सफलतापूर्वक की गई है। जो इस मेडिकल कॉलेज की विशेष उपलब्धि मानी जा रही है। डॉ. रामसेवक योगी ने बताया कि झालावाड़ के पिडावा क्षेत्र के दूधालिया का रहने वाला 46 वर्षीय हजारीलाल पिछले 1 साल से सर के दर्द से परेशान था। लगभग एक माह पहले वह अपने बाएं हाथ और पैर में कमजोरी के चलते झालावाड़ के एक अस्पताल के न्यूरो सर्जरी विभाग में दिखाने के लिए आया था, जहां सीटी स्कैन और एमआरआई करने पर पता चला कि उसके दिमाग में एक ट्यूमर है।

### जरा सी भी चूक पड़ सकती थी भारी

मामले में जटिलता यह थी की यह ब्रेन ट्यूमर मरीज के मस्तिष्क के मोटार एरिया के पास था। ऐसे में ऑपरेशन करना अत्यधिक जटिल था। क्योंकि जिस भाग में ट्यूमर था, वह बाएं हाथ और पैर को कंट्रोल करता है। ऐसे में जरा सी भी चूक होने पर मरीज के हाथ और पैर बेकार हो सकते थे। इसलिए अवेक ब्रेन सर्जरी करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए न्यूरोसर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. रामसेवक योगी ने निश्चेतना विभागाध्यक्ष डॉ. राजन नन्दा से बात कर अवेक ब्रेन सर्जरी करने का प्लान किया गया।



### क्या है अवेक ब्रेन सर्जरी

चिकित्सकों ने जानकारी देते हुए बताया कि अवेक ब्रेन सर्जरी वह प्रक्रिया है जिसमें मरीज को बिना बेहोश किये दिमाग का ऑपरेशन करते है। ऑपरेशन के दौरान मरीज के हाथ-पैरों की ताकत और चलने की क्षमता के अनुसार ही ब्रेन के भाग को निकाला जाता है। निकाले हुए ट्यूमर की तुरंत जांच करके उसके प्रकार के बारे में पता लगाया जाता है। ऑपरेशन के दौरान की जा रही ट्यूमर की जांच के लिए ऑपरेशन थिएटर में पैथोलॉजिस्ट भी मौजूद रहते हैं।

### सरकारी अस्पताल में पहला ऑपरेशन

इस तरह के ऑपरेशन आमतौर पर दिल्ली-मुंबई जैसे बड़े शहरों के नामी अस्पतालों में बड़े महंगे पैकेज पर ही संभव हो पाते हैं। क्योंकि इस तरह के ऑपरेशन में ब्रेन मैपिंग मशीन सहित बड़ी ही एडवांस टेक्नोलॉजी वाली मशीनों की आवश्यकता होती है। जिनकी कीमत करोड़ों रुपए में होती है। एक अनुमान के अनुसार निजी अस्पतालों में इस प्रकार के ऑपरेशन में 20 से 25 लाख रुपए खर्च हो जाते हैं। ऐसे में झालावाड़ के सरकारी अस्पताल में निशुल्क रूप से किया गया यह ऑपरेशन उन मरीजों के लिए एक आशा की किरण है। जो महंगा इलाज नहीं करवा सकते हैं।

## Yuva स्टोरीज

### भारतीय संस्कृति से रूबरू हुए यूके के विद्यार्थी



बेधड़क | जयपुर

एलेन्स स्कूल, यूनाइटेड किंगडम के 19 छात्रों और 4 फैकल्टी सदस्यों के एक ग्रुप ने भारत में अपनी धार्मिक, अध्ययन यात्रा के दौरान द पैलेस स्कूल का दौरा किया। स्कूल के छात्र परिषद के सदस्यों द्वारा आने वाले छात्रों एवं संकाय के सदस्यों का पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया गया। स्वागत के बाद उन्होंने बास्केटबॉल कोर्ट, टेनिस कोर्ट, क्रिकेट ग्राउंड, स्विमिंग पूल, सीनियर कंप्यूटर लैब आदि का दौरा किया। छात्रों ने आर्ट एंड क्राफ्ट लैब में ब्लॉक प्रिंटिंग तकनीकी की बारीकियों को सीखा। ग्रुप ने स्कूल के छात्रों के साथ बातचीत भी की और उनके साथ कुछ कक्षाओं में भाग लिया। समूह ने हमारे विशेष आवश्यकता सेल, मैजिक पाई का दौरा किया, जहां उन्होंने छात्रों को विभिन्न डोमेन विशिष्ट गतिविधियों में व्यस्त देखा।

यात्रा का समापन एलेन्स स्कूल, यूके के छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ एक आकर्षक नृत्य और हाई टी के साथ हुआ।

### रिसर्च मेथोडोलोजी पर वर्कशॉप शुरू

बेधड़क | जयपुर

निर्वाण युनिवर्सिटी जयपुर के आईक्यूसी विभाग द्वारा रिसर्च मेथोडोलोजी फंडामेंटल्स और डाटा कलेक्शन टेकनिक्स विषय पर ऑनलाइन वर्कशॉप सिरीज की शुरुआत हुई। आईक्यूसी विभाग की डायरेक्टर प्रो. अपर्णा दीक्षित ने जानकारी दी कि फ़ैकल्टी मैंबेर्स, रिसर्च स्कोलर्स और रिसर्च की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए निर्वाण युनिवर्सिटी में रिसर्च मेथोडोलोजी पर वर्कशॉप सिरीज प्रारम्भ की गई है, जिसमें रिसोर्स पर्सन के रूप में डॉ. जितेंद्र कुमार फैकल्टी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलोजी, ग्रेटर नोएडा रहे। वर्कशॉप के पहले दिन डॉ. कुमार ने रिसर्च मेथोडोलोजी के विभिन्न पक्षों पर पीपीटी प्रेजेंटेशन द्वारा रिसर्च और रिसर्च पेपर राइटिंग की बारीकियों से अवगत करवाया। यह वर्कशॉप द्विपक्षीय रही जिसमें सभी फैकल्टी मैंबर्स और रिसर्च स्कोलर्स ने रिसौर्स पर्सन से प्रश्न भी पूछे तथा रिसर्च से संबन्धित अपनी जिज्ञासाएं पूरी की।

### एपेक्स हॉस्पिटल का स्थापना दिवस मनाया



बेधड़क | जयपुर

एपेक्स हॉस्पिटल के तीसवें स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर अस्पताल की ओर से तीस वर्षो में चिकित्सा के क्षेत्र में किए गए नवाचारों एवं आमजन की सेवा के विभिन्न यादगार पलो को स्लाइड प्रजेंटेशन के माध्यम से सांझा किया गया। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल की ओर से जटिल बीमारियों मसलन कैंसर आदि से ठीक होने वाले मरीज भी रूबरू हुए एवं एपेक्स ग्रुप को धन्यवाद दिया। मुख्य अतिथि के रूप में मोतीडूंगरी गणेश मंदिर के महंत कैलाश शर्मा ने संबोधित करते हुए एपेक्स की सेवाओं की तारीफ की एवं अस्पताल की ओर से दिए जा रहे लाभों को अंतिम उपभोक्ता तक पहुंचाने की जिम्मेदारी लेने को कहा। इस अवसर पर समाजसेवी केदार भाला, सुनील अजमेरा, महेन्द्र शेखावत ने अस्पताल की आमजन के बीच साख एवं कॉर्पोरेट अस्पतालों के बीच बेहतर सरवाईवल के साथ ही सेवा भाव को सर्वोपरी रखने की भावना को सराहा। समारोह के दौरान अस्पताल में बेहतर कार्य करने के लिए कार्मिको को राईजिंग स्टार, ट्रबल शूटर, सस्टेबिनिलिटी हीरो सरीखे पुरस्कारों से पुरस्कृत किया गया।

पांच साल, 107 दिन बाद क्लाइमेट नियंत्रण मुश्किल

# GDP की बजाय क्लाइमेट पर ध्यान देने की जरूरत

- क्लाइमेट चेंज पर विश्वविख्यात प्रो. सोलंकी ने बताए भयावह परिणाम




बेधड़क | जयपुर

गत दो लाख सालों मे साल 2023 सबसे गर्म साल रहा, इस दौरान ग्लोबल टेम्परेचर 1.44 डिग्री सेल्सियस तक बढ गया। धरती को बुखार आ चुका है, और इसके लिए कोई पेरासिटामोल ईजाद नही हुई है, दुष्परिणामों के लिए तैयार रहिए। स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में क्लाइमेट चेंज से जुडे कुछ ऐसे ही सटीक तर्क एवं तथ्यों के साथ आईआईटी मुंबई के डिपार्टमेंट ऑफ़ एनर्जी साइंस एंड इंजीनियरिंग के प्रोफेसर एवं ग्यारह वर्षो से घर से दूर रहकर क्लाइमेट चेंज पर पूरी दुनिया में अलख जगा रही देश की मानी हुई शख्सियत प्रो. चेतन सिंह सोलंकी स्टूडेंट्स एवं डेलीगेट्स से क्लाइमेट चेंज के मुद्दों पर रूबरू हुए।

उन्होंने अपने संबोधन में क्लाइमेट चेंज वॉच से गणना कर बताया कि अगले पांच साल 107 दिन में धरती का तापमान 1.5 डिग्री तक बढ जाएगा, जो कि लक्ष्मण रेखा होगी, इसके बाद के परिणाम बेहद भयावह होंगे। उन्होंने कहा कि जीडीपी ग्रोथ पर ध्यान देने के बजाय हर व्यक्ति को इस क्लाइमेट चेंज के दुष्परिणामों को रोकना प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए।

एनर्जी का सही एवं समुचित उपयोग हो, ना कि असीमित। कार्बन डाई ऑक्साईड से क्लाइमेट को सुरक्षित करने, क्लाइमेट चेंज के कारण, समाधान समेत विभिन्न मुद्दों पर चेतन सिंह ने संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के चेयरमेन सुरजाराम मील, निदेषक जयपाल मील, डायरेक्टरएकेडमिक्स डॉ एस एल सुराणा, कॉर्डिनेटर पुनीत शर्मा अन्य ने भी क्लाइमेट चेंज पर त्वरित जागरूकता फैलाने की बात कही।

### कार्बन डाई ऑक्साईड पचास% बढ़ी

सोलंकी ने कहा कि वातावरण में कार्बन डाई ऑक्साईड की मात्रा 50 प्रतिशत तक बढ चुकी है। जिसके चलते अब मौसम परिवर्तन हो रहे हैं एवं ग्रीन हाउस जैसे नकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहे हैं उन्होंने बताया कि एनर्जी के किसी भी उपयोग में कार्बनडाई ऑक्साइड रहता है एवं इसकी औसत आयु 300 वर्ष है, ऐसे मे हम कई पीढीयों के लिए वातावरण में जहर पैदा कर रहे हैं। लिहाजा कम से कम एनर्जी कन्ज्यूम करनी चाहिए।

### सोलंकी पूरी दुनिया में ख्यातिप्राप्त की

कार्यक्रम का आयोजन इको फ्रैंड क्लब व रिन्यूएबल एनर्जी क्लब के तत्वावधान में हुआ। वक्ता प्रो. सोलंकी के 100 से अधिक रिसर्च पेपर्स है एवम वे दर्जनों प्रसिद्ध पुस्तको के लेखक भी है। सोलंकी क्लाइमेट चेंज के बारे में जागरूक करने के लिए एक पब्लिक मूवमेंट स्वराज यात्रा चला रहे है, इसी क्रम मे यह आयोजन किया गया। पिछले ग्यारह वर्षो से वे क्लाइमेट चेंज के लिए दुनियाभर में जागरूकता फैलाने के लिए घर नहीं गए हैं एवं विभिन्न स्थानों पर दौरा कर लोगो को जागरूक कर रहे हैं। वे एनर्जी स्वराज फाउंडेशन के फाउंडर हैं।

### क्लाइमेंट चेंज क्लॉक से की गणना

इस अवसर पर सोलंकी ने क्लाइमेट चेंज क्लॉक के जरिये धरती का तापमान अगले 5 सालो में 1.5 डिग्री तक बढने का केल्कुलशन दिखाया। उन्होंने कहा कि पेड-पौधे लगाने, प्लास्टिक मुक्त करने जैसे उपायों से क्लाइमेट चेंज में कोई परिवर्तन नहीं आने वाला क्योंकि पूरी दुनिया में प्रति सेकंड 14 लाख किलो कार्बन एमिशन हो रहा है जिसे कन्ज्यूम करना असंभव है। उन्होंने सोलर एनर्जी का उपयोग करने, एनर्जी उपयोग को अवॉइड करने, एनर्जी उपयोग कम करने और एनर्जी को जनरेट करने का फार्मुला एएमजी दिया।

लाईब्रेरी का लोकार्णण

## पुस्तकें व्यक्ति की सच्ची मित्र: तिवाड़ी



बेधड़क | जयपुर

राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित समाजसेवी, साहित्यकार स्वर्गीय डॉ. रघुनाथ प्रसाद तिवाड़ी 'उमंग' की स्मृति में मानसरोवर कावेरी पथ स्थित माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में नवीनीकृत पुस्तकालय कक्ष का लोकार्पण शनिवार को किया गया। विद्यालय में पुस्तकालय कक्ष के नवीनीकरण का कार्य डॉ. रघुनाथ प्रसाद तिवाड़ी की पुत्री विजेयता पारीक और दामाद कृष्णकांत पारीक के परिवार की ओर से कराया गया है।

इस मौके पर उनकी प्रतिमा का भी अनावरण किया गया। प्रारंभ में विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने सभी आगंतुकों का अभिनंदन किया। डॉ. रघुनाथ प्रसाद तिवाड़ी के दोहिते सीए ऋषिकांत पारीक ने इस अवसर पर कहा कि उनके नाना ने 15 हजार से ज्यादा पुस्तकों का संग्रह किया। उन्होंने खुद भी अनेक पुस्तकें लिखी थीं।

माता विजेयता पारीक की प्रेरणा से स्कूल भवन के पुस्तकालय कक्ष का नवीनीकरण कार्य करवाया गया है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि मेरी शिक्षा भी इसी स्कूल में हुई है। इंटरनेट के इस युग में पुस्तकों का महत्व कम नहीं हुआ है। मोबाइल और इंटरनेट पर पुस्तकें पढ़ने को मिल जाएगी लेकिन, उनमें वे भाव नहीं आता, जो किसी पुस्तक को प्रत्यक्ष तौर पर पढ़ने में आता है। उन्होंने कहा कि हमारे नाना कहते थे कि यदि किसी पुस्तक को तीन बार पढ़ा जाए तो वे आपकी मित्र बन जाती है। पुस्तकें समाज को राह बताती है। उनका महत्व हमेशा बना रहेगा।

### मेधावी छात्र हुए पुरस्कृत

**जयपुर**। टैगोर विद्या भवन मानसरोवर में शनिवार को वार्षिक परिणाम एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। जिसमें संस्था के डायरेक्टर पी डी सिंह और स्कूल के प्रिंसिपल मुरारीलाल शर्मा ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विविध क्लासों के 300 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।



सत्र 2023-24 का सर्वश्रेष्ठ छात्र-छात्रा सम्मान तनिष कुमार वर्मा एवं पलक सिंह को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ गायन सम्मान अंजली रॉय, अनुशासन सम्मान आयुषी शर्मा, सेवा पदक नितिन योगी, सुलेख सम्मान तृप्ति जैन, सर्वश्रेष्ठ वक्ता सम्मान लविश कुमार, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पदक रोहित चौधरी और नृत्य पदक युगांक श्रीवास्तव, चित्रकार पदक रिया रजवानिया को दिया गया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री रिशु तिवारी ने किया।

भ्रमण | कानोड़िया कॉलेज की छात्राओं ने देखा संविधान पार्क

# संविधान पवित्र ग्रंथ, अखंड भारत का प्रतीक: मिश्र

बेधड़क | जयपुर

कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय जयपुर के राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से शनिवार को स्नातकोत्तर की छात्राओं को राजभवन में नवनिर्मित संविधान पार्क का तीसरा भम्रण कराया गया। जिसमें राजस्थान के महामहिम राज्यपाल कलराज मिश्र ने युवा छात्राओं से वार्तालाप करते हुए बताया की भारत की अखंडता और एकता का प्रतिनिधित्व करता भारत का संविधान एक पवित्र ग्रंथ है। जो भारत के प्रबुद्ध इतिहास एवं संस्कृति की झलक दिखलाता है। महामहिम ने छात्राओं से वार्तालाप करते हुए कहा कि भारत के संविधान की ओर से प्रदत अधिकारों के साथ-साथ भारतीय नागरिकों को कर्तव्यों की पालना भी करनी चाहिए। स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान विषय की चतुर्थ सैमेस्टर की छात्रा प्रियंका गुप्ता ने महामहिम का संविधान पार्क के भम्रण की अनुमति देने के लिए अभिनन्दन किया।



### छात्राओं में दिखी उत्सुकता

आज के इस भम्रण की ओर से छात्राओं का विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत के संविधान निर्माण का व्यवहारिक परिचय हुआ। राजभवन के संवैधानिक पार्क में भारतीय संविधान के सभी अनुच्छेदों तथा महत्वपूर्ण सांस्कृतिक तथा ऐतिहासिक क्षणों को चित्रपटलों तथा मूर्ति स्तम्भों की ओर से उकेरा गया है। राजभवन के प्रोटोकॉल कार्मिकों की ओर से इन सभी का परिचय कॉलेज की छात्राओं से कराया गया। संविधान के इस व्यवहारिक परिचय ने छात्राओं को उत्सुकता तथा गर्व से भर दिया।

### रोचक तथ्य बताए

इस भम्रण में राजनीति विज्ञान की सहायक आचार्या डॉ. निमिषा गौड़ एवं डॉ. संजू शर्मा ने छात्राओं को संविधान से जुड़े रोचक तथ्यों के बारे में अवगत करवाया जैसे संविधान के हर भागे में भारत का एक महत्वपूर्ण छाया चित्र उकेरित है तथा महाबलिपुरम छाया चित्र नटराज छाया चित्र इत्यादि। इन छाया चित्रों को देखकर सभी छात्राओं का हृदय हर्षोल्लास से भर गया। डॉ. शर्मा ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए बताया कि राजनीति विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए यह अतिआवश्यक है कि गलोबल वल्र्ड में प्रसारित होते शैक्षणिक पैमानो के स्तर पर 'हम भारत के लोग है' जिसे समस्त विद्यार्थी संविधान के माध्यम से समझे तथा आत्मसात करें। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. सीमा अग्रवाल ने बताया कि संविधान पार्क भम्रण के कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय की युवा छात्राओं को शैक्षणिक भम्रण की अनुमति राजस्थान के महामहिम ने दी जिसका मूल उद्देश्य यही रहा है कि युवा छात्राएँ संविधान की मूल भावना को आत्मसार कर सके। इस दृष्टी से यह भम्रण पूर्ण रूप से सफल रहा।




**पंकज ओझा**
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी


### शाश्वत सनातन

*भारत के सबसे अमीर मंदिरों में से एक है तमिलनाडु के मदुरई का मीनाक्षी मंदिर। हिंदू पौराणिक ग्रंथों के अनुसार भगवान शिव सुंदरेश्वर रूप में अपने गणों के साथ पाड्य राजा मलयध्वज की पुत्री राजकुमारी मीनाक्षी से विवाह रचाने यहां आए थे। करीब 3500 साल पुराने इस मंदिर में प्रति शुक्रवार मीनाक्षी देवी तथा सुंदरेश्वर भगवान शिव की स्वर्ण प्रतिमाओं को झूले में झुलाया जाता है। मंदिर में एक तालाब है जिसमें सोने का कमल है। ऐसी मान्यता है कि इस तालाब में भगवान शिव का निवास है। यहां सुंदरेश्वर तथा मीनाक्षी देवी का मंदिर है। शिव मंदिर समूह में भगवान शिव की नटराज मुद्रा में आकर्षक प्रतिमा है।*

## 3500 साल पुराना है तमिलनाडु के मदुरई का प्राचीन मीनाक्षी मंदिर

# जहां पार्वती से ब्याह रचाने धरती पर आए थे भोलेनाथ



*तमिलनाडु का मीनाक्षी मंदिर अपनी भव्यता संपन्नता और विशद विरासत के लिए विश्व प्रसिद्ध है। तमिलनाडु के मदुरई शहर में स्थित यह मीनाक्षी मंदिर अपनी वास्तुकला और सनातन संस्कृति के ध्वज वाहक की वजह से दुनियाभर में बेहद प्रसिद्ध है। यहां का गर्भगृह लगभग 3500 साल पुराना है। यह मंदिर भगवान शिव और देवी पार्वती को समर्पित है। मंदिर के बारे में कहा जाता है कि भगवान शिव सुंदरेश्वर के रूप में देवी पार्वती (मीनाक्षी) से विवाह करने के लिए पृथ्वी पर जिस जगह यहां आए थे। यह मंदिर उसी स्थान पर स्थित है। इस विवाह को विश्व की सबसे बड़ी घटना माना गया, जिसमें लगभग पूरी पृथ्वी के लोग मदुरई में एकत्र हुए थे। भगवान विष्णु स्वयं, अपने निवास बैकुण्ठ से इस विवाह का संचालन करने आए। ईश्वरीय लीला अनुसार इन्द्र के कारण उनको रास्ते में विलम्ब हो गया। इस बीच विवाह कार्य स्थानीय देवता कूडल अझघर द्वारा संचालित किया गया। बाद में क्रोधित भगवान विष्णु आए और उन्होंने मदुरई शहर में कदापि ना आने की प्रतिज्ञा की और वे नगर की सीम से लगे एक सुन्दर पर्वत अलगार कोइल में बस गए। बाद में उन्हें अन्य देवताओं द्वारा मनाया गया, एवं उन्होंने मीनाक्षी-सुन्दरेश्वरर का पाणिग्रहण कराया।*

### करीब 45 एकड़ में फैला है मंदिर

यहां के विशाल प्रांगण में सुंदरेश्वर (शिव मंदिर समूह) तथा बाईं ओर मीनाक्षी देवी का मंदिर है। शिव मंदिर समूह में भगवान शिव की नटराज मुद्रा में आकर्षक प्रतिमा है। यह प्रतिमा एक रजत वेदी पर स्थित है। बाहर अनेक शिल्प आकृतियां हैं, जो केवल एक-एक पत्थर पर निर्मित हैं, साथ ही गणेशजी का भी मंदिर है। 45 एकड़ में फैले इस मंदिर के सबसे छोटे गुंबद की ऊंचाई 160 फीट है। दो मुख्य मंदिरों सुंदरेश्वर और मीनाक्षी के अलावा भी कई दूसरे मंदिर हैं, जहां भगवान गणेश, मुरूगन, लक्ष्मी, रूक्मणी, सरस्वती देवी की पूजा होती है।




### भारत के सबसे अमीर मंदिरों में शामिल

मंदिर का मुख्य गर्भगृह 3500 वर्ष से अधिक पुराना माना जा रहा है। इसकी बाहरी दीवारें और अन्य बाहरी निर्माण लगभग 1500-2000 वर्ष पुराने हैं। मुख्य मंदिर की लम्बाई 254मी एवं चौड़ाई 237 मी है। मंदिर बारह विशाल गोपुरमों से घिरा है, जो कि उसकी दो परिसीमा भीत (चार दीवारी) में बने हैं। यह मंदिर भारत के सबसे अमीर मंदिरों में से एक है। हिंदू पौराणिक ग्रंथों के अनुसार भगवान शिव सुंदरेश्वर रूप में अपने गणों के साथ पाड्य राजा मलयध्वज की पुत्री राजकुमारी मीनाक्षी से विवाह रचाने नगर रूप है।

### मंदिर में बना है सोने का कमल


मंदिर में एक तालाब है 'पोर्थ मराई कुलम' जिसका शाब्दिक अर्थ है सोने के कमल वाला तालाब। सोने का 165 फीट लंबा और 120 फीट चौड़ा कमल बिल्कुल तालाब के बीचों-बीच बनाया हुआ है। भक्तों का मानना है कि इस तालाब में भगवान शिव का निवास है। मंदिर के अंदर खंभों पर भगवान शिव की अनेक पौराणिक कथाएं लिखी हुई हैं, और अष्ट खंभों पर मां देवी लक्ष्मी जी की मूर्तियां बनी हुई है। इसके अलावा यहां पर एक बहुत ही बड़ा और सुंदर हाल है, जिसमें 1000 सूंदर खंभे बनाये गए हैं। इन खंभों पर शेर और हाथी बने हुए हैं।इस हाल की भव्यता और छटा देखते ही बनती है।





### देवी मीनाक्षी मां पार्वती का ही अवतार


मीनाक्षी को देवी पार्वती का अवतार माना जाता है। इस मंदिर को देवी पार्वती के सर्वाधिक पवित्र स्थानों में से एक माना जाता है। देवी पार्वती ने पूर्व में पाँड्य राजा मलयध्वज, मदुरई के राजा की घोर तपस्या के फलस्वरूप उनके घर में एक पुत्री के रूप में अवतार लिया था। वयस्क होने पर उसने नगर का शासन संभाला। तब भगवान आये और उनसे विवाह प्रस्ताव रखा जो उन्होंने स्वीकार कर लिया।



### कविता

## नवसंवत्सर ने छेड़ी तान




**सुनील कुमार महला**
उत्तराखंड


नवसंवत्सर ने छेड़ी तान
नया है विहान, नया है विहान।
हिंदू नववर्ष मंगलमय, हर्ष-उत्कर्ष
की हो बयार।
वर्ष प्रतिपदा से हर भारतवासी को
हो प्यार।।
सच्चे, नेक-भलाई के इरादे हों, मन
में हो न ईर्ष्या, कटु विचार।
खुद भी जीएं और दूसरों को भी
जीने दें, संयमित हो हर व्यवहार।।
सत्य-पथ के साथी बनें, निंदा-बैर
भाव को कभी न चुनें।
सहृदयता पनपे हर मन में, सपने हर
सुंदर बनें।।
नवसंवत्सर ने छेड़ी तान,
नया है विहान, नया है विहान।
शांति -सद्भाव का चोला पहनें,
नवसंवत्सर के क्या है कहने।
सभ्यता -संस्कृति और संस्कार
अपने भारतवर्ष के हैं अद्भुत गहने।।
कण-कण में नवल ऊर्जा समाई,
प्रकृति नव-उद्घोष करें।
सकारात्मक सोच-विचार से, स्फूर्ति
रग-रग में भरें।।
दुःख,संकट के बादल सारे छंट
जाएं।
द्वेष हो न, और न हो बुराई, हंसते-
हंसाते जीवन बिताएं।।
नवसंवत्सर ने छेड़ी तान,
नया है विहान, नया है विहान।
सृष्टि नव-रूप धरे, हर तरफ मधु-
मिठास बरसे।
दीन-दुखियों की सेवा करें, हर मुख
प्रेरणा उत्थान गरजे।।
मधुर-मधुर मौसम, खेतों में फसलें
लहराएं।
नई छटाएं बिखरीं, आशाओं के अश्व
दौड़ाएं।।
जश्न-उत्सव का माहौल है, आओ
नये किस्से बनाएं।
चेतन चमकाएं, खुशियां बरसाएं,
आओ आओ नव-नीड़ सजाएं।

### शब्दों की सीख

# देशभक्त उर्फ सूर्यमान डॉगी




**शोभा गोयल**
प्रताप नगर, जयपुर


सब लोग उससे डर रहे थे। वह खूंखार प्राणी जैसा था। कठ काठी से अपनी प्रजाति से कुछ बड़ा और अलग भी था। लाल-लाल आंखें और नुकीले दांत देखकर कोई भी डर जाएं। साथ ही उसकी दिल दहलाने वाली आवाज से अच्छे-अच्छों का हृदय फेल हो जाए।

जब वह कॉलोनी के मुख्य सड़क पर आया तो सब अपने-अपने घरों में छिपकर बैठ गए। जाने किस घर से भाग कर आया था या फिर किसी से बिछड़ गया था, राम जाने। अजनबी लोगों के बीच खुद को असुरक्षित समझ रहा था साथ ही बौखला रहा था। कुछ भी समझ पाना नामुमकिन लग रहा था। इंसान होता तो इंसानी भाषा में अपनी बात समझा सकता था। यह ठहरा भाषाहीन मूक प्राणी, जिसकी भौंकने की आवाज में क्या छुपा है, आम इंसान कैसे समझे। आजकल तो इंसान भी खुद अजनबी बन गया है। वह एक दूसरे की भाषा, जज्बात और सुख-दुख से अनजान रहते हैं, फिर यह तो चौपाया था। काले घने लम्बे बाल और खतरनाक दिखने वाले इस कुत्ते से किसी को लेना देना नहीं था। न जाने इसकी आंखों में मुझे एक दर्द भरी तलाश नजर आई। तेज बारिश में गली के कुत्ते इधर-उधर छिप गए। ये अपने कद-काठी से बड़ा था। किसी भी ओट में छिपने में असमर्थ था। पार्क के बाहर दीवार के सहारे एक पेड़ के नीचे बैठा खुद को भीगने से बचाने की असफल कोशिश कर रहा था। मेरा ध्यान लगातार उस पर था न जाने क्यों? उसकी कातर निगाहें मुझे बैचेन कर रही थी। थोड़ी देर बाद वह थककर उसी पेड़ के नीचे सो गया। मुझे लगा वह वह भुखा होगा। मैंने कटोरदान से बची हुई रोटी निकाली और पुराने बेकार पड़े बोल में दुध डालकर उसमें टुकड़े करके डाल दी। बोल को मैंने धीरे से वहां रख दिया। मेरी आहट पाकर वह जाग गया। उसकी उनीदी आंखों को देखकर मेरे शरीर में झुरझुरी सी दौड़ गई। मैं भाग कर घर में घुस गई। थोड़ी देर बाद मैंने कनखनियों से देखा तो वह मजे से रोटी खा रहा था। उसे खाते देख मेरे मन को असीम संतुष्टि हुई।

अब यह रोज का क्रम बन गया। वह मेरे गेट पर आकर पूंछ हिलाता और मै उसे दूर से ही रोटी डाल देती। वह खाकर वहीं सो जाता। उसने कॉलोनी में किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया। गली के कुत्तों से भी उसकी दोस्ती हो गई थी। अब वह आपस में हिल मिल गए थे। कितनी अजीब होती है स्नेह की बयानी। मूक प्राणी भी मन की दीवार मोड़ कर एक अनोखी नई दुनिया बना लेते हैं। अकारण ही वह अच्छा लगने लगा था। अब याद से मैं उसके लिए अलग से दो रोटी ज्यादा बनाती। एक दिन राजीव ने कहा-नीलू यह कुत्ता कभी भी हिंसक हो सकता है। वजह कुछ भी हो हमें इसे कही छोड़ आना चाहिए। मेरा मन नहीं था फिर भी हां कह दी।

राजीव उसे कार में बिठाकर शहर के बाहर लगभग दस किलोमीटर दूर छोड़ आए। वो घर पहुंचते, उससे पहले ही वह कुत्ता घर पहुंच गया। कहते हैं जानवर रास्ते और प्रेम कभी नहीं भूलते। राजीव उसे देखकर आश्चर्य में पड़ गए। बोले- अरे यह तो हम लोगों से चिपक ही गया। उसका कान उमेठते हुए बोले-चिपकू कहीं का। उस दिन से उसका नाम चिपकू पड़ गया। अब तक चिपकू कॉलोनी का लाडला बन गया था। कोई उसे डॉग फूड खिलाता तो कोई बिस्किट। रोटी वो मेरे हाथ की खाता। राजीव उसे लाड़ करते। कॉलोनी के लोग निश्चिंत थे कि चिपकू के रहते कॉलोनी अब सुरक्षित है। पिछले दिनों एक घर में घुसे चोर चिपकू की मुस्तैदी की वजह से भाग छूटे थे। चिपकू के सूंघने की शक्ति इतनी तीव्र थी कि वह कई किलोमीटर दूर की हरकत पहचान लेता था। लगभग दो माह गुजरने के बाद भी किसी ने यह पता लगाने की कोशिश नहीं की चिपकू कहां से आया है और इसका आगे क्या भविष्य है। एक दिन दोपहर में मैं काम निपटा कर सुस्ताने लेटी ही थी कि सायरन की आवाज से मेरी तंद्रा भंग हुई। बालकनी में जाकर देखा एक वैन में बहुत सारे आर्मी जवान थे। वे चिपकू के गले में पट्टा डाल रहे थे। चिपकू बिल्कुल शांत था। एक जवान उसका प्यार से सिर सहला रहा था, जैसे मानो कोई मां अपने बिछड़े बेटे से मिल रही हो। चिपकू भी जीभ से उसे चाट रहा था और वह जवान कह राह था-तुम कहां चले गए थे सूर्यमान, तुम्हारी बगैर अकेडमी सूनी है।

वे लोग जैसे ही चिपकू को ले जाने को तैयार हुए मैंने तेज स्वर में आवाज लगाई रुको...। मैं बिजली की गति से भागकर उन लोगों के पास पहुंची। तब तक आस-पास के लोग भी इकठ्ठे हो गए थे। आप लोग चिपकू को कहां ले जा रहे हैं, मैंने तेज आवाज में पूछा। चिपकू नहीं मैडम सूर्यमान कहिए। इसका नाम सूर्यमान है। एक जवान ने कहा। आप नाम को छोड़िए पहले ये बताइए, इसे कहां ले जा रहे हैं। यह हमारा साथी है। पिछले दो महीने से हम लोगों के साथ है। हमारे साथ रहता है। हमारे साथ खेलता है। हमारे साथ खाता है। हमारे दुःख सुख का साथी है। आप कौन होते हैं, इसे ले जाने वाले।

आप लोगों का बहुत-बहुत शुक्रिया मैडम। आप लोगों ने सूर्यमान का इतना ध्यान रखा। आप लोगों ने एक देशभक्त की देखभाल की है। आपका देश सेवा में अतुल्य योगदान है। देश सेवा? मैं कुछ समझी नहीं। उन्होंने सुर्यमान की ओर देखा और बोले-दरअसल यह आर्मी की 45वीं डॉग यूनिट का सदस्य हैं। एक वर्ष पहले से ही सूर्यमान और इसका साथी दिव्यमान आतंकवादियों की तलाश मे सैनिकों की एक टुकड़ी का नेतृत्व कर रहे थे। इन दोनों ने आतंकवादियों के कई खुफिया स्थानों का पता लगा लिया था। पिछले 9 महीनों में इन दोनों ने कई ऑपरेशन सफल किए थे। सूर्यमान और दिव्यमान को इनके प्रशिक्षक के साथ घनी आबादी में एक घर के अंदर छिपे आतंकवादियों का पता लगाने का काम सौंपा गया था। प्रशिक्षक की आज्ञा का पालन करते हुए दोनों एक इमारत के अंदर चले गए। जब ये दोनों तलाशी ले रहे थे, तभी एक कमरे के अंदर छिपे हुए आतंकी द्वारा धड़ाधड़ चलाई गई गोलियों की बौछार में दोनों घायल हो गए। दोनों को डॉग अस्पताल ले जाया गया, जहां दिव्यमान शहीद हो गया। सूर्यमान बच तो गया मगर वह दिव्यमान के गम को भुला नहीं पाया। यह दोनों पक्के दोस्त थे। साथ-साथ जन्मे। ट्रेनिंग सेंटर में साथ में प्रशिक्षण लिया। साथ खाते, साथ खेलते आपस में अपनी बात करते। लगभग हर ऑपरेशन में दोनों साथ-साथ हिस्सा लेते। अब एक साथी साथ छोड़ गया दूसरा अकेला पड़ गया। यह दुःखी मन और अकेलेपन से घबराकर आर्मी छोड़कर कहीं निकल गया था। हमने इसे बहुत खोजा आज जाकर हमारी तलाश पूरी हुई। यह आर्मी अकेडमी का सदस्य है इसे बहुत बड़े बड़े काम करने हैं।आर्मी जवान चिपकू उर्फ और सूर्यमान को लेकर चले गए।

वैन में चढ़ते समय उसने मेरी और नजर घुमा कर देखा मानो वह अपनी आंखों से अलविदा कह रहा हो। चिपकू ने अपने आगे का पैर उठाकर मेरी तरफ हिलाया और वैन में चढ़ गया। चिपकू चला गया। अपने पीछे सूनापन छोड़ गया। चिपकू के जाने के बाद कई दिन तक कॉलोनी वाले उसकी बातें करते रहे। उसको याद करते रहे। दो दिन तक गली के कुत्तों ने खाना तक नहीं खाया। वह खुद प्यारा था। प्यार करना सिखा गया और प्यार लेकर चला गया।

### पश्चिम बंगाल में एनआईए टीम पर हमले को लेकर सियासत गरमाई, टीएमसी -भाजपा ने एक दूसरे को घेरा

# केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग: ममता, कानून व्यवस्था का बुरा हाल: BJP

**एजेंसी** । कोलकाता/ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय की टीम के बाद शनिवार को राज्य के दक्षिण दिनाजपुर जिले में एनआईए की टीम पर हुए हमले के बाद राज्य में सियासत गरमा गई है। दरअसल एनआईए की एक टीम शनिवार को साल 2022 के बम विस्फोट मामले में जांच के लिए भूपतिनगर पहुंची थी। एनआईए टीम दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कोलकाता ला रही थी। उसी दौरान स्थानीय लोगों ने एनआईए टीम के वाहनों पर पथराव कर दिया, जिसमें कई अधिकारी घायल हो गए। इस मामले को लेकर भाजपा ने आरोप लगाया है कि ममता बनर्जी के शासनकाल में राज्य में कानून व्यवस्था का बुरा हाल है और पुलिस की मिलीभगत से ये सब हो रहा है। वहीं, सीएम ममता बनर्जी ने पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि केंद्र सरकार चुनाव जीतने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि चुनाव आयोग निष्पक्ष होकर काम करे और भाजपा द्वारा संचालित आयोग न बने।



“ स्थानीय लोगों ने वही किया, जो किसी अजनबी के उनकी जगह पर आने पर उन्हें करना चाहिए था।

### महिलाओं पर हमला होगा तो क्या वे चुप रहेंगी: ममता बनर्जी

ममता बनर्जी ने दावा किया कि साल 2022 में पटाखे फोड़ने के मामले में जांच के लिए एनआईए की टीम सुबह-सुबह पहुंच गई थी। भूपतिनगर की महिलाओं ने हमला नहीं किया था, बल्कि एनआईए की टीम द्वारा हमला किया गया था। अगर महिलाओं पर हमला होगा तो क्या वो चुप रहेंगी? ममता बनर्जी ने कहा कि वे सिर्फ एनआईए के कुछ घरों में छापेमारी का विरोध कर रहीं थी। ममता ने पूछा कि उन्होंने (एनआईए) क्या पुलिस से इसकी इजाजत ली? स्थानीय लोगों ने वही किया, जो किसी अजनबी के उनकी जगह पर आने पर उन्हें करना चाहिए था। वे (एनआईए) चुनाव से ठीक पहले लोगों को गिरफ्तार क्यों कर रहे हैं?

### पुलिस अधिकारियों के तबादले पर उठाया सवाल

राज्य के पुलिस अधिकारियों के तबादले पर ममता बनर्जी ने सवाल उठाया कि ईडी, सीबीआई और आईटी विभाग के अधिकारियों के तबादले क्यों नहीं किए जा रहे हैं। ममता ने कहा कि एनआईए, सीबीआई भाजपा के भाई हैं और ईडी और आयकर विभाग, भाजपा के फंडिंग बक्से हैं। ममता बनर्जी ने कहा कि चुनाव में सभी को बराबर का मौका मिलना चाहिए।

### बंगाल में बिगड़ रही कानून व्यवस्था: भाजपा

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि यह देखना दुखद है कि ममता बनर्जी की सरकार में टीएमसी आतंक, माफिया और भ्रष्ट हो गई है। टीएमसी सरकार में बंगाल में कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ रही है। राज्य में डर का माहौल है कि केंद्रीय एजेंसियां भी सुरक्षित नहीं हैं। ऐसे में मां, माटी और मानुष कैसे सुरक्षित होंगे। आज हम संदेशखाली 2.0 के गवाह बने। दूसरी ओर भाजपा नेता अमित मालवीय ने राज्य की टीएमसी सरकार पर अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है।

---

## कांग्रेस के 6 और उम्मीदवारों के नाम घोषित

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को छह और उम्मीदवार घोषित किए जिनमें सबसे प्रमुख नाम विरियाटो फर्नांडिस का है जिन्हें दक्षिण गोवा लोकसभा क्षेत्र से वर्तमान सांसद फ्रांसिस्को सारदिन्हा का टिकट काटकर उम्मीदवार बनाया गया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सारदिन्हा गोवा के मुख्यमंत्री भी रहे हैं। पार्टी ने उत्तरी गोवा लोकसभा क्षेत्र से पूर्व केंद्रीय मंत्री रमाकांत खलप को टिकट दिया है. मध्य प्रदेश के मुरैना से सत्यपाल सिंह सीकरवार, ग्वालियर से प्रवीण पाठक और खंडवा से नरेन्द्र पटेल को उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं दादरा एवं नगर हवेली से अजीत रामजी भाई महला को टिकट दिया गया है। कांग्रेस अब तक कुल 241 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। इससे पहले उसने 13 अलग-अलग सूचियों में 235 उम्मीदवार घोषित किए थे।

## नड्डा समेत छह राज्यसभा सदस्यों ने ली शपथ



**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और राज्यसभा के पांच अन्य नवनिर्वाचित सदस्यों ने शनिवार को शपथ ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सभी को शपथ दिलाई। शपथ लेने वाले अन्य सदस्यों में गुजरात से जेपी नड्डा, महाराष्ट्र से अशोकराव शंकरराव चव्हाण, राजस्थान से चुन्नीलाल गरासिया, तेलंगाना से अनिल कुमार यादव मंडाडी, पश्चिम बंगाल से सुष्मिता देव और मोहम्मद नदीमुल हक शामिल हैं।जेपी नड्डा ने हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा के सदस्य के तौर पर इस्तीफा दे दिया था। वह गुजरात से राज्यसभा के सांसद बने रहेंगे।

### पीएम की पश्चिम UP में सभा: कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों पर प्रहार

# यूपी में दो लड़कों की फ्लॉप फिल्म फिर रिलीज, काठ की हांडी चढ़ा रहे

**एजेंसी** । सहारनपुर

कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव का नाम लिए बिना शनिवार को यहां कहा कि आपको याद होगा, यहां उत्तर प्रदेश में दो लड़कों की जो फिल्म पिछली बार फ्लॉप हो चुकी है, उन दोनों लड़कों की फिल्म को फिर से रिलीज किया गया है। मुझे समझ नहीं आता कि काठ की इस हांडी को ये इंडी गठबंधन (विपक्षी गठबंधन इंडिया) वाले कितनी बार चढ़ाएंगे।

उन्होंने कहा कि 2024 का चुनाव सिर्फ सरकार बनाने का चुनाव नहीं है, बल्कि ये चुनाव विकसित भारत बनाने के लिए है। पीएम मोदी ने शनिवार को सहारनपुर में भाजपा के लिए सहारनपुर में चुनावी शंखनाद करते हुए यह बात कही।

उन्होंने सभा में आम तौर पर मुसलमानों और विशेष रूप से मुस्लिम महिलाओं के साथ भावनात्मक संबंध जोड़ने का प्रयास किया। उन्होंने तीन तलाक की तुलना लटकती तलवार से करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने मुस्लिम महिलाओं को इससे मुक्ति दिलाई और आने वाली सदियों तक वे मोदी को आशीर्वाद देंगी।



### यह भी बोले पीएम मोदी

- 2024 का चुनाव सिर्फ सरकार बनाने का चुनाव नहीं है, बल्कि विकसित भारत बनाने के लिए
- मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से दिलाई मुक्ति, वे सदियों तक मोदी को आशीर्वाद देंगी
- कांग्रेस के पास न देशहित में नीतियां हैं और ना ही राष्ट्रनिर्माण की दृष्टि
- कांग्रेस के घोषण पत्र में मुस्लिम लीग की छाप

### गाजियाबाद में रोड शो

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गाजियाबाद में रोड शो किया। 1400 मीटर के रोड शो में 36 जगह मोदी-योगी पर पुष्प वर्षा की गई। मोदी के साथ जीप पर योगी, भूपेंद्र चौधरी, सांसद वीके सिंह और उम्मीदवार अतुल गर्ग मौजूद रहे।**गाजियाबाद में रोड शो:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को गाजियाबाद में रोड शो किया। आंबेडकर रोड पर मालीवाड़ा चौक से चौधरी मोड़ तक 1.4 किलोमीटर लंबे मार्ग पर हुए रोड शो में जबरदस्त भीड़ उमड़ी ।

### भारत की आशाओं-आकांक्षाओं से पूरी तरह कट चुकी है कांग्रेस

पीएम मोदी ने कहा, आजादी की लड़ाई लड़ने वाली कांग्रेस तो दशकों पहले ही समाप्त हो चुकी है। अब जो कांग्रेस बची है, उसके पास न देशहित में नीतियां हैं और न ही राष्ट्रनिर्माण की दृष्टि। कांग्रेस ने शुक्रवार को जिस तरह का घोषणा पत्र जारी किया है, उससे साबित हो गया है कि आज की कांग्रेस, आज के भारत की आशाओं-आकांक्षाओं से पूरी तरह कट चुकी है। कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में वही सोच झलकती है, जो आजादी के आंदोलन के समय मुस्लिम लीग में थी। कांग्रेस के घोषणा पत्र में पूरी तरह मुस्लिम लीग की छाप है और इसका जो कुछ हिस्सा बचा रह गया, उसमें वामपंथी पूरी तरह हावी हो चुके हैं। कांग्रेस इसमें दूर-दूर तक दिखाई नहीं देती है।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ जारी है मोदी की लड़ाई

पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस पार्टी, चुनाव जीतने के लिए रैली नहीं कर रही है, भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए रैली कर रही है। ये कितना भी बोलते रहे, भ्रष्टाचार के खिलाफ मोदी की लड़ाई जारी रहेगी। कांग्रेस जितने साल सत्ता में रही, उसने कमीशन खाने को प्राथमिकता दी। ये विपक्षी गठबंधन भी कमीशन के लिए है। जबकि एनडीए, मोदी सरकार मिशन के लिए है। पीएम मोदी ने कहा कि अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर, चुनावी घोषणा नहीं, बल्कि हमारा मिशन रहा है। इस वर्ष रामनवमी में हमारे प्रभु राम टेंट में नहीं, बल्कि भव्य मंदिर में दर्शन देंगे।

### सपा पर कसा तंज, हर घंटे बदल रहे प्रत्याशी

पीएम मोदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सपा की स्थिति तो यह है कि यहां उन्हें हर घंटे अपने उम्मीदवार बदलने पड़ रहे हैं, जबकि कांग्रेस की स्थिति तो और भी विचित्र है, कांग्रेस को तो उम्मीदवार ही नहीं मिल रहे। जिन सीटों को कांग्रेस अपना गढ़ मानती थी, वहां भी उसे उम्मीदवार उतारने की हिम्मत ही नहीं हो रही है। उन्होंने कहा, 'इंडी गठबंधन'अस्थिरता और अनिश्चितता का दूसरा नाम बन चुका है।

### BJP का स्थापना दिवस

## 21वीं सदी में देश को नेतृत्व प्रदान कर सकती है भाजपा:मोदी

**एजेंसी** । नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भाजपा के स्थापना दिवस पर कहा कि भारत के युवा हमारी पार्टी को एक ऐसी पार्टी के रूप में देखते हैं, जो उनकी आकांक्षाओं को पूरा कर सकती है और 21वीं सदी में भारत को नेतृत्व प्रदान कर सकती है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने विकासोन्मुखी दृष्टिकोण, सुशासन और राष्ट्रवादी मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता दिखाकर अपनी पहचान बनाई है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स हैंडल के माध्यम से पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए यह बात कही है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, पूर्व अध्यक्ष व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी इस मौके पर पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। पीएम मोदी ने कहा, मैं बड़े विश्वास के साथ कह सकता हूं



कि हम भारत की पसंदीदा पार्टी हैं, जिसने हमेशा 'राष्ट्र प्रथम' के आदर्श वाक्य के साथ काम किया है। चाहे केंद्र हो या राज्य, भाजपा ने सुशासन को नई परिभाषा दी है। जो लोग दशकों तक हाशिये पर थे उन्हें हमारी पार्टी में एक आवाज़ और आशा मिली। हमने सर्वांगीण विकास प्रदान करने की दिशा में काम किया है।

हमारी पार्टी ने भारत को भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, जातिवाद, सांप्रदायिकता और वोट बैंक की राजनीति की संस्कृति से भी मुक्त किया है, जो देश पर सबसे लंबे समय तक शासन करने वालों की पहचान थी।

### BJP को एक और कार्यकाल की उम्मीद

उन्होंने कहा कि भारत नई लोकसभा चुनने के लिए पूरी तरह तैयार है। मुझे विश्वास है कि लोग हमें एक और कार्यकाल के लिए आशीर्वाद देंगे ताकि हम पिछले दशक में हासिल की गई जमीन पर आगे बढ़ सकें। मैं अपने सभी भाजपा और एनडीए कार्यकर्ताओं को भी शुभकामनाएं देता हूं क्योंकि वे लोगों के बीच काम कर रहे हैं और हमारे एजेंडे को विस्तार से बता रहे हैं।

### पीएम मोदी पर साधा निशाना

## लोकसभा चुनाव निष्पक्ष नहीं, पर हम जीतेंगे: रमेश

**एजेंसी** । नई दिल्ली

कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने ने शनिवार को कहा कि लोकसभा चुनाव निष्पक्ष नहीं हैं और विपक्षी दलों को निशाना बनाया जा रहा है।

लेकिन इसके बावजूद पांच न्याय और 25 गारंटी पर जनता की प्रतिक्रिया के चलते विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को स्पष्ट बहुमत मिलेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि देश के लोग चुनाव को अस्वतंत्र और अनुचित बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सभी प्रयासों को निर्णायक रूप से खारिज करेंगे। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि 'दस साल अन्याय काल' के खिलाफ जनता में एक मजबूत भावना है। रमेश ने प्रधानमंत्री मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की हालिया टिप्पणी को लेकर भी उन पर निशाना साधा।

उन्होंने हाल ही में बयान दिया था कि यह नया भारत है, जो दुश्मन के इलाके में घुसकर हमले करता है।

कांग्रेस नेता ने कहा, ये ध्यान भटकाने की रणनीति है जिसका मकसद कांग्रेस के पांच न्याय, 25 गारंटी और असली घोषणा पत्र से ध्यान हटाना है।

### मणिपुर: राहत शिविरों में भी मतदान की व्यवस्था

## चुनावी गहमा गहमी नहीं, प्रमुख नेता भी नहीं आए

**एजेंसी** । इंफाल

मणिपुर में लोकसभा चुनाव को लेकर गहमा-गहमी नहीं है। खामोश चुनावी माहौल के बीच राजनीतिक दलों के प्रमुख नेता प्रचार के लिए राज्य का दौरा करने से परहेज कर रहे हैं। पिछले साल हुई जातीय हिंसा के कारण राज्य में चुनाव प्रचार को लेकर पार्टियां खासतौर पर ऐहतियात बरत रही हैं। मणिपुर में 19 और 26 अप्रैल को दो चरण में होने वाले लोकसभा चुनावों ने विस्थापित आबादी की मतदान व्यवस्था पर ध्यान आकर्षित किया है। राहत शिविरों में मतदान की व्यवस्था की जा रही है।






हालांकि उम्मीदवारों ने अभी इन राहत शिविरों का दौरा नहीं किया है। हालत यह है कि राज्य में न तो राज्य में राजनीतिक दलों के पोस्टर दिख रहे हैं, न बड़ी रैलियां हो रही हैं और न ही नेताओं की आवाजाही दिख रही है। राज्य में चुनाव के नाम पर केवल स्थानीय निर्वाचन अधिकारियों के लगाए कुछ होर्डिंग दिख रहे हैं, जिनके जरिए लोगों से मताधिकार के इस्तेमाल का अनुरोध किया गया है। एक ओर जहां भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जैसी प्रमुख हस्तियों को स्टार प्रचारकों के रूप में सूचीबद्ध किया है, वहीं कांग्रेस के प्रचारकों की सूची में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य प्रमुख नेता शामिल हैं।

### सभाओं की जगह घर-घर जाकर प्रचार

मुश्किल स्थिति से निपटने के लिए भाजपा के उम्मीदवार थौनाओजम बसंत कुमार सिंह, कांग्रेस के अंगोमचा बिमोल अकोइजम, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के महेश्वर थौनाओजम और मणिपुर पीपुल्स पार्टी (एमपीपी) समर्थित राजमुकर सोमेंद्रो सिंह अनोखे समाधान के साथ आगे आए हैं। वे गैर-पारंपरिक तरीके से मतदाताओं तक पहुंच रहे हैं जिसमें उनके आवास या पार्टी कार्यालयों में बैठकें आयोजित करना और समर्थकों का घर-घर जाकर प्रचार करना शामिल है।

### दो लोकसभा सीट हैं मणिपुर में

यहां की दो लोकसभा सीट हैं- आउटर मणिपुर और इनर मणिपुर। इनर मणिपुर में मैतेई समुदाय बहुसंख्यक है और यह घाटी वाला इलाका है। आउटर मणिपुर सीट में नगा और कुकी समुदाय के लोग ज्यादा हैं। यह सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा के राजकुमार रंजन सिंह ने इनर मणिपुर सीट पर जीत दर्ज की थी और आउटर मणिपुर से नगा पीपल्स फ्रंट (एनपीएफ) के उम्मीदवार जीते थे। इस बार एनपीएफ ने अपने मौजूदा सांसद को बदला है।

### तमिलनाडु की चुनावी डायरी

# भाजपा नए सामाजिक समीकरण के साथ मैदान में, आधार बढ़ने की उम्मीद

**एजेंसी** । चेन्नई

दक्षिण भारत में इस बार बेहतर चुनाव परिणामों को लेकर आशान्वित भारतीय जनता पार्टी के लिए तमिलनाड़ में राह आसान नहीं है। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तमिलनाडु पर खास ध्यान दे रहे हैं और वे नियमित अंतराल से राज्य का दौरा कर रहे हैं।

तमिलनाडु में इस बार तीन गठबंधन चुनाव मैदान में है। विपक्षी गठबंधन इंडिया का मुख्य घटक द्रमुका राज्य में सत्तारूढ़ है। वहीं, भाजपा ने कुछ छोटे छोटे दलों के साथ गठबंधन किया है। तीसरा प्रमुख गठबंधन अन्नाद्रमुक नीत दलों का है। पिछली बार भाजपा का अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन था, लेकिन भाजपा अब अपना आधार बढ़ाने के प्रयास में लगी है और राज्य की मुख्य राजनीतिक ताकत बनने के प्रयास में जुटी है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार भाजपा अन्नाद्रमुक से मुख्य विपक्षी दल का स्थान लेने की कोशिश कर रही है।

तमिलनाडु की 39 लोकसभा सीटों और पुडुचेरी की एक सीट पर 19 अप्रैल को मतदान होगा। 2019 में, द्रमुक के नेतृत्व वाले गठबंधन ने तमिलनाडु की 39 में से 38 सीटें जीती थीं।

भाजपा इस बार नए सामाजिक समीकरणों के साथ चुनाव मैदान में है। पार्टी का पीएमके के साथ गठबंधन है, जो 'पिछड़े' वन्नियार समुदाय का प्रतिनिधित्व करता है जिसका उत्तर तमिलनाडु में दबदबा है।

इसी तरह, वीके शशिकला की भतीजी टीटीवी दिनाकरन के साथ इसका गठबंधन महत्वपूर्ण है, जो कभी जयललिता की करीबी विश्वासपात्र थीं, क्योंकि शशिकला थेवर समुदाय से आती हैं। अन्नाद्रमुक को पारंपरिक रूप से दक्षिण तमिलनाडु में केंद्रित थेवर समुदाय का समर्थन मिला है।





### पार्टी की नई छवि गढ़ने का प्रयास कर रहे अन्नामलाई

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई पार्टी की पारम्परिक छवि तोड़कर नया रूप गढ़ने में जुटे हैं। कर्नाटक कैडर के आईपीएस अधिकारी रहे अन्नामलाई ने 2019 में भारतीय पुलिस सेवा से इस्तीफा दे दिया था और 2020 में भाजपा में शामिल हो गए। उन्हें एक साल बाद तमिलनाडु भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। तब उनकी उम्र सिर्फ 37 वर्ष की थी। वह किसी राज्य के सबसे कम उम्र के भाजपा अध्यक्ष थे।

### यह है गठबंधनों का गणित

तमिलनाडु की 22 सीटों पर चुनाव लड़ रही द्रमुक, एक आठ-दलीय गठबंधन का नेतृत्व करती है जिसमें कांग्रेस (9), माकपा (2), भाकपा (2), इंडियन मुस्लिम लीग (1), विदुथलाई चिरुथाइगल कटची (2), मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (1) और कोंगुनाडु मक्कल देसिया कटची (केएमडीके) शामिल है, जिसका उम्मीदवार द्रमुक के चिन्ह पर चुनाव लड़ेगा। वहीं 34 सीटों पर लड़ रही अन्नाद्रमुक में 4 दल शामिल हैं। इस गठबंधन में देसिया मुरपोकु द्रविड़ कड़गम (5 सीटें), पुथिया तमिलगम और सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया को एक-एक सीट मिली है, लेकिन उनके प्रत्याशी अन्नाद्रमुक के चिन्ह पर चुनाव लड़ेंगे। भाजपा तमिलनाडु में 23 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पार्टी का 9 अन्य दलों के साथ गठबंधन है जिसमें पट्टाली मक्कल कटची (10 सीटें), तमिल मानिला कांग्रेस (मूपनार) (3) और अन्नाद्रमुक के अलग हुए गुट जैसे पूर्व मुख्यमंत्री ओ पनीरसेल्वम (1) शामिल हैं जो एक निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा भी कुछ छोटे दल हैं जो एक-एक सीट पर चुनाव लड़ेंगे ।

### भाजपा आरक्षण और सामाजिक न्याय के खिलाफ: स्टालिन

**चेन्नई।** भाजपा आरक्षण और सामाजिक न्याय के खिलाफ है। यदि भाजपा एक बार फिर केंद्र की सत्ता में आई तो आरक्षण खत्म कर देगी। भाजपा सामाजिक न्याय को दफना देगी और हमारे लोगों को 100 साल पीछे ले जाएगी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने चुनाव प्रचार के दौरान विक्रवंडी में एक सभा को संबोधित करते हुए ये आरोप लगाए। इस समय देश बहुत बड़े खतरे का सामना कर रहा है।

## जरूरी खबर

### गवाहों को पट्टी पढ़ाया जाना चिंताजनक: SC



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने थाने के अंदर आपराधिक मामले में गवाहों को पट्टी पढ़ाए जाने को चिंताजनक करार दिया है। मामले में तमिलनाडु के डीजीपी से दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए हैं। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस पंकज मित्थल पीठ ने कहा कि यह चिंताजनक है कि ट्रायल कोर्ट और हाई कोर्ट दोनों ने मामले में गवाहों को पाठ पढ़ाए जाने के महत्वपूर्ण पहलू को नजरअंदाज कर दिया है। पीठ ने एक आदेश में कहा कि उनके सुबूतों को खारिज करना होगा, क्योंकि इस बात की स्पष्ट संभावना है कि उक्त गवाहों को पहले दिन पुलिस द्वारा सिखाया गया था।

### बेंगलुरु: यात्रा उत्सव के दौरान गिरा मंदिर का रथ

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान रथ गिरने से हड़कंप मच गया। दुर्घटना हुस्कुर मद्दुरम्मा मंदिर के वार्षिक मंदिर मेले के व्यस्त माहौल के बीच हुई, जिसमें 10 से अधिक गांवों से हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। चारों ओर से बंधी रस्सियों का इस्तेमाल कर विशाल रूप से सजाए गए रथ को उठाने के लिए सैकड़ों भक्तों की भीड़ उमड़ी थी। यह बड़ा हादसा हुआ। घटना के बाद किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। ट्रैक्टरों और बैलगाड़ियों की सहायता से, रथ को हटा दिया गया है।

### कई राज्यों में आज और कल रहेगा लू का जोर



**नई दिल्ली।** अप्रैल महीने की शुरुआत के साथ ही अगले दो दिनों के भीतर भीषण गर्मी का दौर शुरू होने वाला है। भारतीय मौसम विभाग ने शनिवार को लू को लेकर अलर्ट जारी किया है। जिसमें कहा गया है कि प्रायद्वीपीय और पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों में अगले दो दिनों तक अगले दो दिनों तक लू की स्थिति रहने की आशंका है। लू से प्रभावित होने वाले शहरों में ओडिशा, गंगीय पश्चिम बंगाल, झारखंड, विदर्भ, उत्तरी आंतरिक कर्नाटक, तटीय आंध्र प्रदेश और यनम, रायलसीमा और तेलंगाना शामिल हैं। शनिवार को पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों और अगले 2 दिनों के दौरान प्रायद्वीपीय भारत में गर्मी की लहर की स्थिति बनी रहने की उम्मीद है।

## प्रशासनिक अकादमी पहुंचे उपराष्ट्रपति धनखड़





**मसूरी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शुक्रवार को मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी में आईएएस अधिकारियों के फेज-1 प्रशिक्षण के समापन समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने युवा अधिकारियों को संबोधित भी किया अन्य कार्यक्रमों में भाग लिया। देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री सरदार पटेल को नमन करते हुए उपराष्ट्रपति धनखड़।

### सिसोदिया की 18 तक फिर बढ़ी न्यायिक हिरासत



**नई दिल्ली।** आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित मनीष सिसोदिया को राउज एवेन्यू कोर्ट ने एक बार फिर झटका दिया है। अदालत ने उन्हें जमानत देने से इनकार करते हुए उनकी न्यायिक हिरासत 18 अप्रैल तक बढ़ा दी है। आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में पिछली सुनवाई तीन अप्रैल को हुई थी। न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई छह अप्रैल तक के लिए टाल दी थी। सिसोदिया की ओर से पेश अधिवक्ता ने कहा था कि उनके मुवक्किल को हिरासत में रखने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा। अधिवक्ता ने कहा कि मनी लांड्रिंग मामले में उनके मुवक्किल के खिलाफ जांच पहले ही पूरी हो चुकी है और उनके द्वारा जांच में बाधा डालने या सुबूत नष्ट करने की कोई संभावना नहीं है

### दिल्ली व हरियाणा में सीबीआई ने 7 जगहों पर की कार्रवाई

# नवजात बच्चों की तस्करी का पर्दाफाश, 7 आरोपी गिरफ्तार

**एजेंसी | नई दिल्ली**

केंद्रीय जांच ब्यूरो(सीबीआई) नवजात बच्चों की खरीद फरोख्त में शामिल एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। सीबीआई ने दिल्ली और हरियाणा में 7 जगहों पर छापेमारी कर 3 नवजात बच्चों को बचाया और इस मामले में शामिल 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये गिरोह चोरी किए गए बच्चों को सोशल मीडिया पर विज्ञापन के माध्यम से निःसंतान माता-पिता को बेचते थे। एक बच्चा 5 से 6 लाख में बेचा जा रहा था।सीबीआई के अधिकारी ने बताया कि हमें इनपुट मिले थे। इसी आधार पर हमारी टीम ने हरियाणा और दिल्ली के सात ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन चलाया था। सीबीआई



ने दिल्ली के केशवपुरम इलाके के एक मकान की चौथी मंजिल पर शुक्रवार शाम छापा मारा तो यहां से 2 नवजात बच्चे बरामद किए गए। एक महिला बच्चों को बेचने की फिराक में थी। सीबीआई ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी इस मकान में पिछले 7 महीने से रह रही थी। उसके बारे में पड़ोसी भी ज्यादा कुछ नहीं जानते हैं।

#### इन लोगों को किया गिरफ्तार

सीबीआई ने केशवपुरम के अलावा दिल्ली और हरियाणा में 7 जगहों पर छापे मारे और कुल 3 नवजात बच्चे बरामद किए। इस मामले में सोनीपत से नीरज, दिल्ली के पश्चिम विहार से इंदु पवार, दिल्ली के पटेल नगर से वार्ड बॉय असलम, केशवपुरम से पूजा कश्यप और दिल्ली से ही ऋतु, अंजली और कविता को गिरफ्तार किया गया है।

#### बनाते थे फर्जी दस्तावेज

आरोपी गोद लेने से संबंधित फर्जी दस्तावेज बनाकर कई निःसंतान दंपतियों से लाखों रुपए वसूलने के मामलों में भी शामिल हैं।

#### सोशल मीडिया के माध्यम से बेचते थे बच्चों को

पकड़े गए आरोपियों से शुरुआती पूछताछ में पता चला है कि यह लोग बच्चों को बेचने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया करते थे। आमतौर पर आरोपी फेसबुक पेज, व्हाट्सएप ग्रुप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विज्ञापन देकर गोद लेने वाले इच्छुक निःसंतान दंपत्तियों से संपर्क किया करते थे।अधिकारी ने बताया कि आरोपी वास्तविक माता-पिता और सरोगेट माताओं से भी बच्चा खरीदकर निःसंतान दंपत्तियों को बेचा करते थे। एक नवजात की कीमत चार से छह लाख रुपए होती थी। इन्होंने कई निःसंतान माता-पिता के साथ लाखों रुपए की ठगी भी की है। तलाशी के दौरान इनके पास से साढ़े पांच लाख रुपए कैश और गोद लेने से संबंधित कई दस्तावेज बरामद किए गए हैं। सीबीआई के मुताबिक एक नवजात बच्चे का सौदा 4 से 6 लाख रुपए में किया जाता था।

### बार एसोसिएशन का शताब्दी समारोह

## वकील व जज संविधान के प्रति रहें वफादार: CJI

**एजेंसी | नई दिल्ली**

देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ जोर देते हुए कहा कि वकीलों और जजों को संविधान के प्रति वफादार होना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जजों को गैर-पक्षपातपूर्ण होने होना चाहिए। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने नागपुर हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के शताब्दी समारोह में कहा, हमारे जैसे जीवंत और तर्कपूर्ण लोकतंत्र में, ज्यादातर लोगों का झुकाव किसी न किसी राजनीतिक विचारधारा की तरफ होता है।

अरस्तू ने कहा था कि मनुष्य राजनीतिक प्राणी हैं, और वकील कोई अपवाद नहीं हैं। हालांकि, बार के सदस्यों के लिए, किसी की सर्वोच्च निष्ठा पक्षपातपूर्ण हित के साथ नहीं बल्कि अदालत और संविधान के साथ होनी चाहिए। कई मायनों में, एक स्वतंत्र बार कानून के शासन और संवैधानिक शासन की रक्षा के लिए नैतिक कवच है। उन्होंने कहा कि बार



के सदस्य अदालत के पहले और सबसे महत्वपूर्ण अधिकारी हैं जिनके हाथों में कानूनी चर्चा की गरिमा और सच्चाई है। उन्होंने कहा, इस अर्थ में, बार में अदालत और नागरिकों के बीच एक पुल के रूप में काम करने की क्षमता है। अपनी भूमिका को पूरा करने में, बार जटिल कानूनी अवधारणाओं और उदाहरणों को प्रभावी ढंग से जनता के लिए सुलभ भाषा में अनुवाद कर सकता है, सीजेआई ने कहा कि न्यापालिका बार-बार अपनी अपनी स्वतंत्रता और गैर-पक्षपातपूर्णता, कार्यपालिका, विधायिका और निहित राजनीतिक हितों से शक्तियों के पृथक्करण के लिए आगे आई है।

### मध्य प्रदेश हाई कोर्ट का अहम फैसला

## लिव-इन में रहने वाली महिला भी है भरण पोषण की हकदार

**एजेंसी | भोपाल**

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने लिव-इन रिलेशनशिप में महिलाओं के अधिकारों को मान्यता देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कहा है कि किसी पुरुष के साथ काफी समय तक रहने वाली महिला अलग होने पर भरण-पोषण की हकदार है, भले ही वे कानूनी रूप से विवाहित न हों। न्यायाधीशों ने इस बात पर जोर दिया कि यदि युगल के बीच सहवास का सबूत है तो भरण-



पोषण से इनकार नहीं किया जा सकता है। उच्च न्यायालय ने ट्रायल कोर्ट के निष्कर्ष का हवाला दिया, जिसने निष्कर्ष निकाला कि पुरुष और महिला पति और पत्नी के रूप में रह रहे थे। इसके अतिरिक्त, रिश्ते के भीतर बच्चे के जन्म को ध्यान में रखते हुए, अदालत ने महिला के भरण-पोषण के अधिकार की पुष्टि की।

हाई कोर्ट ने यह फैसला एक व्यक्ति की याचिका पर सुनाया जिसमें उसने ट्राय कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उसे उस महिला को 1,500 रुपए का मासिक भत्ता देने की आवश्यकता थी, जिसके साथ वह लिव-इन रिलेशनशिप में था।

### एनआईए के सीपीआईएम के ठिकानों पर छापे

**नई दिल्ली।** भारत के खिलाफ नक्सली साजिश रचने के मामले में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के खिलाफ राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने बड़ी कार्रवाई की है। एनआईए ने इस मामले में शनिवार को उत्तर प्रदेश और बिहार में कई जगहों पर पर छापेमारी की। एनआईए ने उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में 11 और बिहार के कैमूर जिले में एक स्थान पर आरोपियों व संदिग्धों के ठिकानों पर छापे मारे। इस दौरान मोबाइल फोन, सिम कार्ड व मेमोरी कार्ड समेत कई डिजिटल उपकरण और प्रतिबंधित नक्सली संगठनों से जुड़े दस्तावेज बरामद किए।

## एक्सप्रेस वे पर गरजे लड़ाकू विमान



**आगरा।** गगन शक्ति अभ्यास के तहत आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर शनिवार को वायुसेना के सुखोई एम-30, मिराज-2000, जगुआर, हरकुएलिस- सी , चिनूक , अपाचे जैसे विमानों-हेलिकाप्टरों ने शौर्य का प्रदर्शन किया। हवाई पट्टी पर टच डाउन के लिए ये विमान एक साथ तेज गर्जना के साथ गुजरे। 7 अप्रैल को भी विमानों का पूर्वाभ्यास 3 घंटों तक चलेगा।

### रेलवे का मिशन रफ्तार

# 160 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ेंगी कई ट्रेन

**एजेंसी | नई दिल्ली**

भारतीय रेलवे सेमी हाई स्पीड ट्रेनों और लग्जरी ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। वर्तमान में 130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ने वाली ट्रेनें जल्द ही 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ती नजर आएगी। यानी अब दिल्ली से मुंबई तक का सफर न केवल केवल आसान होगा, बल्कि समय की भी बचत होगी।

जबकि ट्रेनों के किराये में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं होगी। दिल्ली-मुंबई के सफर में करीब चार घंटे की बचत होने की उम्मीद है। रेलवे से जुड़े सूत्रों



के अनुसार अहमदाबाद-मुंबई और मुंबई-दिल्ली के ट्रैक की क्षमता को अपग्रेड कर दिया गया है। वहीं, अहमदाबाद-मुंबई और मुंबई-नागदा लाइन पर मौजूद कुल 126 रेल ब्रिज को भी 160 किमी की स्पीड के लायक बना दिया गया है। इसके अलावा ट्रैक, ओएचई, सिग्नलिंग प्रणाली जैसे काम को भी पूरा कर लिया गया है। ट्रेनों की रफ्तार 160 किमी प्रति घंटा करने के लिए किए जा रहे कामों पर 6661.41 करोड़ रुपए की लागत आई है।

#### ये ट्रेनें दौड़ेंगी 160 किमी प्रति घंटे की स्पीड से

रेलवे अधिकारियों का कहना है कि मिशन रफ्तार के तहत ट्रैक अपग्रेडेशन होने पर अब सेमी हाई स्पीड ट्रेन 160 किमी की रफ्तार से दौड़ेंगी। स्पीड बढ़ने से रनिंग टाइम में अंतर भी आएगा। सभी वंदे भारत ट्रेन, शताब्दी, राजधानी, दुरंतो और तेजस एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों को 160 किमी की रफ्तार से चलाया जाएगा। बाद में अन्य ट्रेनों को चलाने पर फैसला होगा। इन ट्रेनों के टाइम टेबल को भी अपडेट किया जाएगा। हालांकि इस पर निर्णय रेलवे बोर्ड करेगा। इसके अलावा टक्कर विरोधी प्रणाली यानी कवच काम भी इन रूटों पर अंतिम चरण में है। कुछ जगह पर सफल ट्रायल भी हो चुका है।

#### क्या है मिशन रफ्तार

भारतीय रेलवे मिशन रफ्तार के तहत एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाने का काम कर रहा है। साथ ही, मालगाड़ियों की रफ्तार भी बढ़ाई जाएगी। मिशन रफ्तार के तहत इन सभी ट्रेनों की औसत गति को और बढ़ाया जाएगा। ट्रेनों की स्पीड बढ़ाने के लिए एक पूरी प्रक्रिया का पालन करना होता है। इसमें ट्रैक्स, सिग्नल सिस्टम, ओवरहेड इक्विपमेंट, ट्रेन के डिब्बे और इंजन को अपग्रेड करना होता है। वहीं इसके तहत बाईपास फुटओवर ब्रिज का निर्माण भी करना होता है। इस मिशन के अंतर्गत रेलवे के सभी डीजल इंजन को मेमू यानी मेन लाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट में तब्दील कर दिया जाएगा। भारतीय रेलवे के मिशन रफ्तार के तहत लंबी दूरी को कम समय में ही तय करने का उद्देश्य रखा गया है। लंबे रूट की ट्रेनों के लिए मिशन रफ्तार के तहत ट्रेनों की गति कम से कम 160 किलोमीटर प्रति घंटा करने की योजना बनाई जा रही है।

### लद्दाख को पूर्ण राज्य के दर्जे की मांग

## सोनम वांगचुक ने वापस लिया पश्मीना मार्च

**एजेंसी | लेह**

क्लाइमेट एक्टविस्ट और मैग्सेस पुरस्कार से सम्मानित सोनम वांगचुक ने लेह में सात मार्च को चीन सीमा पर वास्तविक नियंत्रण रेखा से लगे इलाकों में महात्मा गांधी के दांडी मार्च के तर्ज पर प्रस्तावित पश्मीना मार्च को शनिवार को वापस ले लिया। लेह एपेक्स बॉडी (एलएबी) ने कहा कि लोगों के हित में यह कदम उठाया गया है। इसके पहले प्रशासन ने मार्च को देखते हुए लेह में धारा 144 लागू करते हुए इंटरनेट बैन का आदेश भी जारी कर दिया था। बता दें कि वांगचुक लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर कई दिनों से अनशन कर रहे हैं। धारा 144 लगाने के फैसले पर वांगचुक ने कहा, शांतिपूर्ण लद्दाख एक भ्रम में उलझा हुआ है।

#### क्या है वांगचुक का आंदोलन

वांगचुक लद्दाख को पूर्ण राज्य दिलाने के लिए आंदोलन कर रहे हैं। उनका कहना है कि संविधान के अनुच्छेद 244 की 6वीं अनुसूची के तहत लद्दाख को पूर्ण राज्य बनाया जाए। इसके अलावा ऑटोनोमस डिस्ट्रिक काउंसिल बनाई जाएं। इससे जमीन और आदिवासी इलाकों की रक्षा हो पाएगी।

## जयपुर की मेंबर्स आई एक मंच पर, 31 युवाओं को दिए निशुल्क कम्प्यूटर

# युवाओं को स्किल्ड और मजबूत बनाने पर होगा फिक्की फ्लो का फोकस

**बेधड़क.जयपुर।** युवाओं को स्किल्ड करके रोजगार की ओर ले जाने का काम हो रहा है। इसके लिए मैंबर्स ने ही 31 युवाओं को नि:शुल्क कम्प्यूटर उपलब्ध कराए हैं। साथ ही जयपुर पुलिस के साथ एमओयू किया है, जिसके तहत महिलाओं की सुरक्षा पर काम होगा। साथ ही जयपुर आर्ट फेयर लगाकर कलाकारों को मंच और रोजगार दिया जाएगा। यह कहना था फिक्की फ्लो जयपुर की चेयरपर्सन रघुश्री पोद्दार का। वे महिलाओं को सशक्त बनाने और सामाजिक-आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने की दिशा में हो रहे कामों की जानकारी दे रही थीं। इस मौके पर बड़ी संख्या में फ्लो मैंबर्स के साथ पूर्व चेयरपर्संस भी उपस्थित थीं। सभी ने सबसे पहले लैंप लाइटिंग में हिस्सा लिया और सेंटर का फीता काटा गया। साथ ही सेंटर में सेवाएं देने वाले लोगों का भी परिचय कराया गया। साथ ही चेयरपर्सन के साथ पूर्व चेयपर्सन ने गेट टू गेदर करते हुए खुशियां भी बांटी। सभी ने पोद्दार को बधाई दी और ग्रुप व सेल्फी फोटोग्राफी को एंजॉय किया।





### स्किलिंग सेंटर किया शुरू

उन्होंने बताया, कि एक एमएसएमई स्किलिंग सेंटर की स्थापना की है, जिसमें मर्चेंडाइजिंग, पैटर्न मेकिंग और इवेंट वर्कशॉप का ध्यान रखा जा रहा है। इसके अलावा 2-3 विभिन्न क्षेत्रों में डिजिटल लैब्स को स्थापित किया जाएगा, ताकि महिलाओं को डिजिटल साक्षरता कौशल प्रदान किया जा सके। साथ ही ग्रामीण जीविकाओं को सशक्त करने के लिए सोलर पैनलों से ग्रामीणों को ताकत दी जाएगी।



### फैशन, टेक्सटाइल और हस्तशिल्प को बढ़ावा देने की होगी कोशिश

इस मौके पर मैंबर्स के साथ चेयरपर्सन ने बताया कि कुशल कारीगरों के कला मेले का आयोजन कर फैशन, टेक्सटाइल और हस्तशिल्प के लिए केंद्रीकृत बाजार बनाया जाएगा। साथ ही ब्रांड निर्माण के सिनर्जी को बढ़ाने और महिला उद्यमों को सशक्त करने के लिए साझेदारियों और समझौतों का विकास पर फोकस है। सीतापुरा एरिए में काम करने वाली महिलाओं की सुरक्षा पुख्ता करने पर मैंबर्स काम करेंगी और इसके लिए उन्होंने जयपुर पुलिस से संपर्क किया है। इंडस्ट्रीयल एरिए में हेल्प लाइन नंबर्स अंकित कराए जाएंगे और महिलाओं को विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी।

## स्मृति महोत्सव का समापन



**बेधड़क. जयपुर।** निम्बार्क सम्प्रदाय के मूर्धन्य संत बाबा शुकदेवदास महाराज के आठ दिवसीय स्मृति महोत्सव का शनिवार को समापन हुआ। आश्रम के प्रवक्ता डॉ. कमलेश शर्मा ने बताया कि समापन से पूर्व स्वरांजलि का आयोजन हुआ, इसमें अंतरराष्ट्रीय गायक कैलाश 'अनुज' ने भावपूर्ण प्रस्तुति देकर स्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। महंत सर्वेश्वर शरण महाराज ने संत महात्माओं का सम्मान किया तथा भंडारे में जयकारे के साथ पंगत प्रसादी ग्रहण कराई। इस अवसर पर आश्रम विकास समिति के पदाधिकारियों सहित दूर दराज से व पड़ोसी अंचल से बड़ी संख्या में आए श्रद्धालु मौजूद रहे।

## विराट कोहली ने जीता दिल

**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर में राजस्थान रॉयल्स के दीवाने हैं और ये रॉयल्स का होम ग्राउंड है। इसके बावजूद गुलाबी नगरी किंग कोहली के रंग में रंगी नजर आई। हर उम्र के लोगों ने जयपुर में शनिवार को हुए राजस्थान रॉयल्स और आरसीबी के बीच मुकाबले को कोहली पर लेकर एंजॉय किया। मैच शुरू होने से पहले ही हजारों की भीड़ स्टेडियम के बाहर जमा हो गई और जिनके पास टिकट नहीं थे वे भी अंदर जाने का जुगाड़ करते दिखाई दिए। उन्होंने न केवल आरआर की, बल्कि विराट कोहली के नाम की टी-शर्ट भी खरीदी और उसे पहनकर चीयरअप किया। दूधिया रोशनी में हुए मैच में चारों ओर रॉयल्स के साथ-साथ कोहली छाए रहे, जिन्होंने फेंस का अभिवादन स्वीकार किया। फेंस विराट से बार-बार डांस की डिमांड भी करते दिखाई दिए।

## एक्सपो विजेताओं की घोषणा आज



**बेधड़क. जयपुर।** क्रेडाई एक्सपो के लिए किशनगढ़ विधायक विकास चौधरी ने कहा कि प्रदेश भर के विशेषज्ञों को एक मंच पर लाना क्रेडाई राजस्थान का सराहनीय प्रयास है। क्रेडाई राजस्थान अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बताया कि बेहतरी की ओर कदम बढ़ाते हुए इस बार एक्सपो से प्रदेश भर के 40 से अधिक एक्सपर्ट जुड़े हैं। एक्सपो में आने वाले विजेताओं की रविवार को घोषणा होगी और उनको सम्मानित किया जाएगा।

# City इवेंट्स

## राज्यपाल को पुस्तक की प्रथम प्रति भेंट



**बेधड़क. जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र को शनिवार को राजभवन में डॉ. निहारिका राठौड़ एवं डॉ. गिरवर सिंह राठौड़ ने संयुक्त रूप से लिखी अपनी पुस्तक 'प्रख्यात सामाजिक वैज्ञानिक' की प्रथम प्रति भेंट की। राज्यपाल ने पुस्तक लेखन के लिए बधाई देते हुए उसकी सराहना की। डॉ. निहारिका राठौड़ ने बताया कि इस पुस्तक में पाश्चात्य एवं भारतीय सामाजिक वैज्ञानिकों के चिंतन के आलोक में उनकी जीवन दृष्टि को रूपायित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रबंध विशेषज्ञों के विचार, उनके शोध अनुभवों व चिंतन शैली पर आधारित यह पुस्तक भारतीय दर्शन और चिंतन की मौलिक दृष्टि है। पुस्तक शोधार्थियों के साथ ही सामान्य पाठकों के लिए भी समान रूप से उपयोगी है।

## वीणा मोदानी को शक्ति अवॉर्ड



**बेधड़क. जयपुर।** शक्ति महोत्सव में जयपुर की सिंगर-डांसर वीणा मोदानी को शक्ति अवॉर्ड से नवाजा गया। उनको सम्मान संगीत और नृत्य के क्षेत्र में उल्लेखनयी योगदान के लिए दिया गया। इस मौके पर संपूर्ण भारत से कई महिलाओं को चुना गया।

## जेकेके में आज से 31 साल का जश्न



**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र सोमवार को स्थापना के 31 वर्ष पूर्ण करेगा। इस अवसर पर केन्द्र की ओर से 2 दिवसीय सांस्कृतिक आयोजन होंगे। रविवार को गजल गायन प्रस्तुति खास होगी। नव को पहचान और अनुभव को सम्मान के ध्येय से आयोजित कार्यक्रम में कलाकार गजलों का गुलदस्ता सजाएंगे। सोमवार को लोक कला के लालित्य के साथ शाम सजेगी। गायिका सीमा मिश्रा गीतों से समां बांधेगी। डॉ. रूप सिंह शेखावत के निर्देशन में जारी लोक नृत्य कार्यशाला के प्रतिभागी कृष्णायन में लोक नृत्य की प्रस्तुति देंगे।

## नेट थिएट का गजल सांझ कार्यक्रम

# 'यह धूप निकलने के बाद सोया है, तमाम रात तुझे याद करके'



**बेधड़क | जयपुर**

नेट थिएट कार्यक्रम की कड़ी में गजल सांझ कार्यक्रम में गजल सिंगर ने सुप्रसिद्ध शायरों की गजलों का गुलदस्ता पेश कर मौसिकी से रूबरू कराया। राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत 'अभी ये धूप निकलने के बाद सोया है, तमाम रात तुझे याद करके रोया है' से हुई। इसके बाद 'दिल को क्या हो गया खुदा जाने, क्यूं है उदास क्या जाने' और 'मेरा गुलशन-ए-मुहब्बत तो उजड़ चुका है' सुनाई। अंत में राजस्थानी गीत 'चंद्राला तू सो जा रे सो जा, मैं जागूं सारी रात' सुनाकर राजस्थानी संस्कृति से रूबरू कराया।

कार्यक्रम का संचालन कथक गुरु राजेंद्र राव ने किया। संयोजन नवल डांगी, कार्यक्रम में इम्पीरियल प्राइम कैपिटल के कला रसिक मनीष अग्रवाल की ओर से कलाकारों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कैमरा मनोज स्वामी, संगीत संयोजन सागर विनोद गढ़वाल, मंच सज्जा अंकित शर्मा नानू व जिवितेश शर्मा की रही। गजल लवर्स भी एक छत के नीचे आए और कलाकारों की दाद देते हुए उनको तालियों से सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने कलाकारों से रूबरू होने का अवसर पाया और कला की बारीकियों पर बात की। इस मौके पर हर उम्र के कला प्रेमी कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहे और ऐसे प्रोग्राम आगे भी करने की मांग करते दिखाई दिए।

## राजस्थान जैन सभा ने किया पोस्टर का विमोचन

# 29 जगह लगाएंगे रक्तदान कैंप 2000 यूनिट ब्लड का लक्ष्य



**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान जैन सभा जयपुर के तत्वावधान में भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव पर 29 स्थानों पर रविवार को रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे। इनमें 2000 यूनिट रक्त एकत्र करने का लक्ष्य है। कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन रविवार को किया गया। इस मौके पर राजीव-सीमा जैन गाजियाबाद, सभा अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन, महामंत्री मनीष बैद, मंत्री विनोद जैन कोटखावदा, कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप जैन, अशोक जैन नेता, शैलेन्द्र साह चीकू, अशोक पाटनी, राजीव पाटनी, अनिल छाबड़ा, जिनेन्द्र जैन जीतू आदि मौजूद रहे।

शिविर श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सेक्टर 8 व श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर सेक्टर 5, प्रतापनगर, श्री चंद्र प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर श्योपुर, भगवान आदिनाथ जन कल्याण समिति मंगल विहार, श्री संभवनाथ दिगम्बर जैन मंदिर राधा विहार, श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर व जैन सोशल ग्रुप सिद्धा झोटवाड़ा में लगाया जाएगा। दर्शन बाकलीवाल मुख्य समन्वयक, राकेश छाबड़ा समन्वयक, राजीव पाटनी मुख्य संयोजक, महेंद्र पाटनी, राजकुमार बड़जात्या, राजकुमार पाटनी, राकेश बड़जात्या, चेतन निमोडिया, डॉ. हिमांशु जैन, संजय पाटनी, एडवोकेट राजेश काला, नवीन जैन संयोजक बनाए गए हैं।

**आस्था** गोविंददेवजी के मंदिर से संत-महंत और प्रबुद्धजनों ने पूजा अर्चना कर किया रवाना

# नवसंवत्सर के प्रचार को 8 दिशाओं में निकले 4 श्वेत अश्व

**बेधड़क | जयपुर**

नव संवत्सर 2081 प्रारंभ होने का प्रचार करने के लिए चार श्वेत अश्व (घोड़े) जयपुर के आराध्य गोविन्ददेवजी से प्रमुख संत महंत, प्रबुद्ध व्यक्तियों व विद्वान पंडितों ने विधिवत पूजा अर्चना कर रवाना किए। यह अनूठा कार्यक्रम नवसंवत्सर के प्रति जागरूकता लाने और नव संवत्सर 2081 का प्रचार-प्रसार करने के लिए किया गया। इस दौरान श्वेत अश्व (घोड़े) के दोनों तरफ नव संवत्सर की शुभकामनाओं के बैनर लगे हुए थे। घोड़े पर छतरी और नाचते गाते हुए कार्यकर्ता साथ चल रहे हैं। कार्यक्रम में संस्कृति युवा संस्था व नव संवत्सर उत्सव समारोह समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में संस्कृति युवा संस्था अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा व नीलम मिश्रा ने विधि-विधान से विद्वान पंडितों के साथ वैदिक रीति के साथ अश्वों की पूजा-अर्चना कराई।



### 11 दिन तक करेंगे अनूठा प्रचार-प्रसार

अश्व जयपुर के प्रमुख मंदिरों में ईशान में खोले के हनुमानजी मंदिर, पूर्व में गलता, आग्नेय में गोनेर मंदिर, दक्षिण में सांगा बाबा, नैऋत्य में स्वामी नारायण मंदिर, पश्चिम में हाथोज हनुमानजी, वायव्य में कदम्ब डूंगरी व उत्तर में आमेर में काले हनुमान मंदिर के लिए छोडे गए। 11 दिन तक अनूठे तरीके से प्रचार-प्रसार करेगें। इस अवसर पर वरुण शर्मा, पंकज शर्मा, दीपक धीर, नीलम मिश्रा, लता शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, श्रीराम मोदी, नितिन शर्मा, विकास शर्मा, हर्ष शर्मा सहित लोग उपस्थित थे।

### संत-महंतों का किया स्वागत

गोविन्द देवजी महंत मानस गोस्वामी ने पूजा-अर्चना की और संत महंतों का स्वागत किया गया। साथ ही उपस्थित लोगों को आशीर्वाद दिया गया। इस अवसर पर हाथोज दक्षिण मुखी बालाजी महंत व विधायक बालमुकुंदाचार्य महाराज, सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय संयोजक आचार्य राजेश्वर, गीता गायत्री मंदिर के पं. राजकुमार चतुर्वेदी, घाट के बालाजी महंत सुदर्शनाचार्य, सांगानेरी गेट हनुमान मंदिर कैलाश गौड़, परकोटा गणेश के अमित, लाडली जी मंदिर के संजय गोस्वामी व महंत दीपक वल्लभ गोस्वामी, धर्म प्रचारक विजय शंकर पाण्डेय, प्राचीन श्याम मंदिर के महंत लोकेश मिश्रा, केशवराय मंदिर जयसिंहपुरा खोर के महंत कैलाश शर्मा व कमलेश शर्मा, जयपुर पुजारी महासंघ के नीतीश चतुर्वेदी और पंकज शर्मा ने चारों अश्वों की लगाम पकड़कर गोविंद देवजी मंदिर के चौराहे तक लाए और पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण दिशा में रवाना किया गया।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, रविवार, 07 अप्रैल, 2024





असंभव कहकर किसी काम को करने से पहले, कर्मक्षेत्र में कांपकर लड़खड़ाओ मत।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### रूस ने लिया यूक्रेन से ड्रोन मिसाइल अटैक का बदला


# रूसी ड्रोन ने खार्कीव में मचाया कोहराम

## रात के अंधेरे में दागी मिसाइल, छह नागरिकों की मौत, 10 घायल



**एजेंसी** | कीव

यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खार्कीव पर रूसी हमले में शनिवार तड़के छह नागरिकों की मौत हो गई और 10 घायल हो गए। क्षेत्रीय अधिकारियों ने यह दावा किया। यूक्रेन की राष्ट्रीय पुलिस ने कहा कि हमला ड्रोन से किया गया था। इसमें शहर की सड़कों और इमारतों के बगल में लगी आग की तस्वीरें भी जारी की गईं हैं। खार्कीव के मेयर इहोर तेरेखोव ने टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप पर कहा, आज सुबह तक शेवचेनकिवस्की जिले पर रात के हमले में 6 लोग मारे गए और 10 घायल हो गए। हमले में आवासीय इलाकों को निशाना बनाया गया- कम से कम नौ ऊंची इमारतें, तीन शयनगृह, कई प्रशासनिक भवन, एक दुकान, एक पेट्रोल स्टेशन, एक सर्विस स्टेशन और कारें क्षतिग्रस्त हो गईं। हमला आधी रात के ठीक बाद हुआ।



### यूक्रेन पर तेज हुए हमले

यूक्रेन के उत्तर-पूर्व में स्थित खार्कीव लगातार रूस के निशाने पर रहा है। पुतिन के फिर से रूस का राष्ट्रपति बनने के बाद से हाल के हफ्तों में यूक्रेन पर हमले तेज हो गए हैं। बुधवार को शहर पर एक ड्रोन हमले में चार लोगों की मौत हो गई और अपार्टमेंट ब्लॉक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की के चीफ ऑफ स्टाफ, एंड्री यरमक ने गुरुवार को प्रकाशित एक साक्षात्कार में समाचार आउटलेट पोलिटिको को बताया कि उन्होंने मई या जून में किसी भी नए रूसी हमले के लिए खार्कीव को सबसे संभावित लक्ष्य के रूप में देखा है।

### राष्ट्रीय मुक्ति आंदोलन के सदस्य और पुलिस के बीच झड़प

# नेपाल में उग्र प्रदर्शन

## प्रदर्शनकारियों ने की पत्थरबाजी, दो पुलिस अधिकारी भी चोटिल

**एजेंसी** | काठमांडू

नेपाल की राजधानी काठमांडू में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान राष्ट्रीय मुक्ति आंदोलन के सदस्यों और पुलिस के बीच झड़प हो गई। वे जातीय पहचान के आधार पर राज्य की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। इस प्रदर्शन में दो पुलिस कर्मियों सहित कम से कम 6 लोग घायल हो गए हैं। शनिवार को नेपाल की राजधानी में राजेंद्र महतो के नेतृत्व में राष्ट्रीय मुक्ति आंदोलन के सदस्यों द्वारा काठमांडू में एक मार्च आयोजित किया गया था। मार्च के दौरान राष्ट्रीय मुक्ति आंदोलन के सदस्यों के साथ पुलिस की झड़प हो गई। पुलिस ने चार आंदोलनकारियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मार्च ने तब हिंसक रूप ले लिया जब प्रतिभागियों ने प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश करने से रोकने के लिए पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड को नीचे गिरा दिया। बैरिकेड गिरने के तुरंत बाद प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने पुलिस पर पथराव किया, जिससे स्थिति और बिगड़ गई। पुलिस के अनुसार, झड़प के दौरान दो पुलिस कर्मियों सहित 6 लोग घायल हो गए हैं, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। पुलिस अधीक्षक नवाज अधिकारी ने कहा, चार प्रदर्शनकारियों और दो पुलिस अधिकारियों को चोटें आई हैं। घायल पुलिसकर्मियों में से एक की हालत गंभीर है, जिसका इलाज काठमांडू के एक न्यूरो अस्पताल में किया जा रहा है। हमने हिंसा भड़काने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार भी किया है। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछार का भी इस्तेमाल किया, जिन्होंने पहले विरोध प्रदर्शन के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले खुले मैदान में सामूहिक सभा आयोजित करने की घोषणा की थी।



### काठमांडू में हिंसक प्रदर्शन

भीड़ ने अपना रुख प्रशासनिक राजधानी की ओर कर लिया, जिसे पिछले साल से स्थानीय अधिकारियों ने प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित कर दिया है। राजेंद्र महतो, जो नेपाल के पूर्व उप प्रधान मंत्री भी हैं, ने विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया, उन्हें कोई चोट नहीं आई। जैसे ही झड़प शुरू हुई, उन्हें प्रदर्शन स्थल से से बाहर कर दिया गया।

### राजनाथ सिंह के बयान पर भड़का पाकिस्तान, बोला...

# देश की रक्षा करने के लिए हर पल तैयार

**एजेंसी** | कराची

भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के "घर में घुसकर मारने' वाली टिप्पणी पर पाकिस्तान का रिएक्शन आया है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने राजनाथ सिंह की "भड़काऊ टिप्पणियों' की निंदा की और भारत को 2019 की घटना याद दिलाई। दरअसल, शुक्रवार को एक इंटरव्यू के दौरान राजनाथ सिंह ने आतंकवाद को लेकर टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि भारत की शांति भंग करने या नुकसान पहुंचाने वाले आतंकी अगर पाकिस्तान भी भाग गए तो भारत पड़ोसी देश में घुसकर उन्हें मारेगा। राजनाथ सिंह का यह बयान गार्जियन की रिपोर्ट के बाद आया है। इस रिपोर्ट में दावा किया गया था कि 2020 से अब तक पाकिस्तान में भारत ने 20 आतंकियों तो मार गिराया है।

भारत, पुलवामा हमले के बाद काफी आक्रमक हो गया था। विदेश मंत्रालय ने कहा पाक के अंदर मनमाने ढंग से आतंकवादी करार दिए गए नागरिकों की मारने की भारत की तैयारी स्पष्ट रूप से दोषी होने का कबूलनामा है। पाकिस्तान किसी भी आक्रामकता के खिलाफ अपनी देश की रक्षा करने के लिए तैयार है। 2019 में हमने भारत के घुसपैठ का करारा जवाब दिया था। यह भारत के खोखले दावों को उजागर करता है।




### एक और भारतीय छात्र की मौत


**वॉशिंगटन।** अमेरिका में भारतीय मूल के छात्रों पर अत्याचार दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है। इस साल की शुरुआत से लेकर अब तक 10 छात्रों की मौत हुई है। हाल ही में न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने ओहियो के क्लीवलैंड में एक भारतीय छात्र के मौत की जानकारी दी। अमेरिका के राज्य ओहियो में एक भारतीय छात्र की मौत हो गई है।

### फिलिस्तीनी समर्थकों ने हिलेरी क्लिंटन को घेरा

# गाजा की चीखें आपको रुलाएंगी

**एजेंसी** | न्यूयॉर्क

इजराइल और फिलिस्तीन के बीच तनाव लगातार जारी है और इसमें अब तक दोनों तरफ से 33,000 से अधिक लोग मारे गए हैं। दुनियाभर में इस युद्ध के खिलाफ फिलिस्तीनी समर्थकों का प्रदर्शन भी जारी है। इस बीच यह खबर न्यूयॉर्क से है, जहां फिलिस्तीन के समर्थकों ने हिलेरी क्लिंटन को घेरकर नारेबाजी की। नारेबाजी कर रहे लोगों ने हिलेरी को सबसे बड़ा शिकारी करार दिया और क्लिंटन दंपती पर नरसंहार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। दरअसल हिलेरी और बाइडन एक कार्यक्रम से बाहर निकले ही थे कि फिलिस्तीनी समर्थकों ने नारेबाजी शुरू कर दी। प्रदर्शनकारियों ने पूछा कि आपके हाथों कितने लोग मारे गए हैं? हमें उम्मीद है कि मारे गए लोगों की चीखें आपको हर रात परेशान करेंगी।



### नासा ने तीन कंपनियों को दी जिम्मेदारी

# चांद पर एस्ट्रोनॉट्स चलेंगे कार से

**एजेंसी** | ह्यूस्टन

चंद्रमा की सतह पर लंबी दूरी तय करने के लिए नासा अपने एस्ट्रोनॉट्स के लिए कार बनवा रहा है। इस काम के लिए उसने तीन कंपनियों को चुना है। इंट्यूशिव मशींस, लूनर आउटपोस्ट और वेंटुरी एस्ट्रोलैब को नासा ने लूनर टरेन व्हीकल्स बनाने का काम सौंपा है। ये तीनों कंपनियां अब नासा के अर्टेमिस मून मिशन के लिए लूनर रोवर बनाएंगे। इन रोवर्स का इस्तेमाल करके एस्ट्रोनॉट्स चांद की सतह पर ज्यादा दूरी तक रिसर्च वर्क कर पाएंगे। ये गाड़ियां अर्टेमिस-5 मिशन में एस्ट्रोनॉट्स के साथ चांद पर भेजी जाएंगी। जिसका टारगेट 2029 है। ह्यूस्टन स्थित नासा के जॉन्सन स्पेस सेंटर की डायरेक्टर वनेसा वाइस ने कहा कि हम अर्टेमिस जेनरेशन लूनर एक्स्प्लोरेशन व्हीकल बनाने जा रहे हैं। ये गाड़ियां चांद पर एस्ट्रोनॉट्स की ताकत और क्षमता बहुत ज्यादा हद तक बढ़ा देंगी। नासा अपने LTV को निजी कंपनियों से बनवाएगी।



### एक कंपनी की गाड़ी होगी सेलेक्ट

ये भी संभव है कि नासा भविष्य में इनमें से एक कंपनी की गाड़ी सेलेक्ट करे। बाकी दो कंपनियों की गाड़ियों यानी एलटीवी को बैकअप के तौर पर रखे। अर्टेमिस मिशन के दौरान ये एलटीवी रिमोटली ऑपरेट करके भी देखी जाएंगी। ताकि चांद पर कॉमर्शियल एक्टीविटीज के लिए भी इस्तेमाल की जा सकें।

### 38 हजार करोड़ रुपए का प्रोजेक्ट

चांद पर चलने वाली गाड़ियों के लिए तीनों कंपनियों को नासा कुल 38,374 करोड़ रुपए देगा। सभी कंपनियां पहले फिजिबिलिटी रिपोर्ट बनाएंगे। साल भर स्टडी करेंगी। उसके बाद नासा की जरूरतों के हिसाब से एलटीवी बनाएंगी। लेकिन सिर्फ एक ही कंपनी की एलटीवी चांद पर भेजी जाएगी। बाकी दो कंपनियां चाहें तो अपना रिसर्च जारी रख सकती हैं। या अपनी गाड़ियों को किसी अन्य प्राइवेट एजेंसी के जरिए चांद पर पहुंचा सकती हैं।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क

## "सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl